( आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78 )

O.I.G.S.

डाक पंजीयन क्रमांक RJ/JPC/205/2021-23

सत्यमेव जयते

राजस्थान
# रोज़गार संदेश
(पाक्षिक)

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 44 अंक 3 Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in 15 मार्च, 2021 फोन : 2368398 मूल्य : 2.00 वार्षिक शुल्क 40 रु

## बेरोजगारी भत्ते को कौशल प्रशिक्षण एवं इन्टर्नशिप से जोड़ा जाएगा



माननीय कौशल, रोजगार व उद्यमिता एवं खेल व युवा राज्य मंत्री श्री अशोक चांदना ने विधानसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए बताया कि राज्य सरकार के बजट घोषणा 2021-22 के अनुसार मुख्यमंत्री युवा संबल योजना 2019 को बेहतर बनाते हुए एम्प्लॉयेबल बनाने की दृष्टि से पात्र बेरोजगार युवाओं को तीन माह का प्रशिक्षण दिलवाकर विभिन्न विभागों में चार घंटे प्रतिदिन इंटर्नशिप करवायी जाएगी एवं पात्र युवाओं को वर्तमान में देय बेरोजगारी भत्ते को 1000/- रुपये बढ़ाया जाना प्रस्तावित है। पूर्व में 650 करोड़ रुपये व्यय कर हमने 1 लाख 60 हजार युवाओं को लाभांवित किया था। अब इस योजना से लगभग 2 लाख युवा लाभांवित हो सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने जनघोषणा पत्र में राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवा वर्ग को 3500/- रुपये तक प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिये जाने की घोषणा की थी। जिसकी अनुपालना में दिनांक 01 फरवरी 2019 से राज्य में मुख्यमंत्री युवा संबल योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत स्नातक योग्यताधारी पुरूष आशार्थियों को 3000/- रुपये एवं महिला, विशेष योग्यजन एवं ट्रांसजेण्डर आशार्थियों को 3500/- रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। योजना प्रारम्भ तिथि 01 फरवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2020 तक कुल 2,49,433 आशार्थियों को बेरोजगारी भत्ता दिया जा चुका है।

योजनान्तर्गत अधिकतम 1 लाख 60 हजार स्नातक आशार्थियों को भत्ता राशि दिये जाने की सीमा निर्धारित की गई थी। अब सरकार द्वारा 2021-22 की बजट घोषणा संख्या 56 के अनुसार उक्त अधिकतम सीमा में वृद्धि प्रस्तावित की गई है। अब 2 लाख बेरोजगार युवा लाभांवित हो सकेंगे। नवीन बजट घोषणा के अनुसार पुरूष आशार्थियों को 4000/- रुपये एवं महिला, विशेष योग्यजन एवं ट्रांसजेण्डर आशार्थियों को 4500/- रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। साथ ही पात्र आशार्थियों को न्यूनतम तीन माह का प्रशिक्षण दिलवाकर विभिन्न विभागों में 4 घण्टे प्रतिदिन इंटर्नशिप भी करवायी जायेगी।

## रोजगार विभाग द्वारा इण्डस्ट्रीज कनेक्ट सेमीनार एवं महिला रोजगार शिविर का आयोजन किया गया।



आरएसएलडीसी के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन "इण्डस्ट्रीज कनेक्ट सेमीनार" का शुभारंभ करते हुए।

कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग तथा यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 09.03.2021 को एक **"इण्डस्ट्रीज कनेक्ट सेमीनार"** का आयोजन आरएसएलडीसी कैम्पस में किया गया। सेमीनार का शुभारम्भ करते हुए श्री नीरज के. पवन शासन सचिव कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा आव्हान किया गया कि कोविड के कारण आर्थिक गतिविधियॉं प्रभावित हुई है तथा रोजगार के अवसर कम हुये है। इसलिये रोजगार विभाग को ओर अधिक वाईब्रेन्ट बनना है। श्रम विभाग, उद्योग विभाग, आईटीआई, RSLDC एवं निजी क्षेत्र के संगठनों एवं नियोजकों से मिलकर काम करने का आग्रह किया।

विभागीय निदेशक महेश शर्मा ने सेमीनार का परिचय देते हुए बताया कि कोरोनाकाल में नियमित रोजगार पर ही नहीं अपितु स्वरोजगार पर भी विपरीत असर पड़ा। अब पुनः कोरोना से उभरने के बाद रोजगार अवसरों में तेजी लाने के लिए अनेक नियोजकों, जयपुर के सभी औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधियों सहित फोर्टी, पीएचडी चैम्बर ऑफ कामर्स, सीआईआई, कैट, फिक्की, एम्प्लॉयर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, फिक्की फ्लो, गारमेंट मैन्यूफैक्चरर्स व एक्सपोर्टस एसोसिएशन सहित करीब 20 व्यापारिक व औद्योगिक संगठनों को आंमत्रित किया गया है। सेमीनार में आईटीआई व सरकारी विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

सेमीनार में श्री प्रतीक झाझडिया, आयुक्त श्रम विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि कोविड के समय प्रदेश में श्रमिकों के लिये बहुत अच्छा कार्य किया गया है। विभाग द्वारा श्रमिकों, बेरोजगारों को रोजगार एवं उद्योगो को कुशल मैनपावर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज कौशल पोर्टल संचालित किया गया है।

पोर्टल पर कुशल श्रमिक, अकुशल एवं बेरोजगारो का डेटा उपलब्ध है। उद्यमियों को पोर्टल पर एक्सेस दिया हुआ है। कोई भी उद्यमी अपनी आवश्यकतानुसार मैनपावर प्राप्त कर सकता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट, जयपुर के डीन अनिरूद्ध मुखर्जी ने कहा कि अकेडेमिक्स और इण्डस्ट्री को अब एक साथ आने की जरूरत है। आई.टी.आई के निदेशक एन.के.वर्मा ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चलाये जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों व ट्रेडों के बारे में बताया। उमेश जोशी, उपनिदेशक DOIT द्वारा राजकौशल पोर्टल की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

सेमीनार में रोजगार विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ फोर्टी के एक्जीक्यूटिव प्रेसीडेन्ट अरूण अग्रवाल, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष तथा वर्तमान वीकेआई रिक्रेशनक्लब के अध्यक्ष जगदीश सोमानी, पीएचडी चैम्बर ऑफ कामर्स के दिग्विजय ढाबरिया, आईसीआईसीआई एकेडमी के अमरदीक्षित, अल्ट्राटेक सीमेंट के सुनील कुमार तिवाड़ी, एम्प्लायर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान व हीरावाला औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष नरेन्द्र जैन, कैट की रानूश्रीवास्तव, डील्सजॉब्स की अल्का बत्रा, यूईएम के एचआर उमेश गुरनानी व अमोल फार्मास्यूटिकल्स, होटल रामाडा सहित अनेक नियोजक संस्थानों के नियोजक-प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इससे एक दिवस पूर्व राज्य सरकार के कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की वार्षिक कार्य-योजना वर्ष 2020-21 के क्रियान्वयन के अंतर्गत महिला आशार्थियों के लाभार्थ एक दिवसीय **"महिला विशेष प्लेसमेंट एवं कैरियर मार्गदर्शन शिविर"** का आयोजन **"अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस"** के अवसर पर RSLDC कैम्पस, झालाना डूंगरी, जयपुर में किया गया। शिविर में रोजगार/स्वरोजगार/प्रशिक्षण/कैरियर मार्गदर्शन से सम्बन्धित निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के 20 संस्थानों ने भाग लेकर महिलाओं को रोजगार/स्वरोजगार से लाभांवित किया।

श्री नीरज कुमार पवन, शासन सचिव, श्रम, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा मेले का अवलोकन किया गया। शासन सचिव महोदय द्वारा महिलाओं के हितार्थ आयोजित किये गये रोजगार शिविर की सराहना की एवं शिविर में पधारने वाली महिलाओं का उत्साहवर्धन किया।

इसी क्रम में कोविड की परिस्थितियों से उभरते हुये बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से आगामी 23.03.2021 को एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन कोशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग तथा युनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में युनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट के कैम्पस, उदयपुरिया (चौमू) में किया जायेगा। इच्छुक आशार्थी आगामी मेले में भाग लेकर लाभान्वित हो सकते है।

रोज़गार अधिसूचना सं. 03/2020 | दिनांक: 24.02.2021

# एनएमडीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

"खनिज भवन", 10-3-311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद-500 028

CIN : L13100TG1958GOI001674

## गेट – 2021 के माध्यम से एग्जीक्यूटिव ट्रेनी की भर्ती

एनएमडीसी लि., इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक नवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम और बहु–स्थानिक, बहु–उत्पाद एवं बड़े कारोबार के साथ निरंतर लाभ अर्जित करने वाला खनन एवं खनिज अन्वेषण संगठन है। एनएमडीसी भारत और विदेश दोनों में व्यापक विस्तार एवं विविधीकरण क्रियाकलापों की प्रक्रिया में है। एनएमडीसी छत्तीसगढ़ राज्य में जगदलपुर के नजदीक नगरनार में 3.0 एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित कर रहा है। एनएमडीसी अब गेट–2021 के माध्यम से निम्नलिखित शाखाओं में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद को भरने के लिए योग्य एवं इच्छुक, होनहार, समर्पित ऊर्जावान युवा ग्रेजुएट इंजीनियरों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

| क्र.सं. | शाखा | पदों की सं. |
|---|---|---|
| 1. | इलेक्ट्रिकल | 10 |
| 2. | सामग्री प्रबंधन | 25 |
| 3. | मैकेनिकल | 14 |
| 4. | माइनिंग | 18 |

**2.0 योग्यता:**

i) इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री। समूह चर्चा (जीडी) एवं साक्षात्कार के समय योग्यता को पूरा करने के रूप में अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के अधीन अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के छात्र भी आवेदन करने के योग्य हैं और ऐसा नहीं करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। नीचे दिये गये अनुसार शाखाओं के लिए निर्धारित डिग्री धारण करने वाले उम्मीदवार ही संबंधित शाखा में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

| विज्ञापित शाखा | इंजीनियरिंग में निर्धारित पूर्णकालिक डिग्री |
|---|---|
| इलेक्ट्रिकल | 1. इलेक्ट्रिकल<br>2. इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स<br>3. पावर सिस्टम्स एड हाई वोल्टेज इंजीनियरिंग<br>4. पावर इलेक्ट्रॉनिक्स |
| मैकेनिकल | 1. मैकेनिकल<br>2. मैकेनिकल एंड ऑटोमेशन<br>3. इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग<br>4. मैकेनिकल प्रोडक्शन<br>5. प्रोडक्शन इंजीनियरिंग<br>6. माइनिंग मशीनरी |
| माइनिंग | 1. माइनिंग इंजीनियरिंग |
| मैटेरियल मैनेजमेट | 1. इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/माइनिंग |

ii) सभी योग्यताएं यूजीसी मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/यूजीसी मान्यताप्राप्त भारतीय मानद विश्वविद्यालय या स्वायत्त भारतीय संस्थानों/संबंधित सांविधिक परिषद (जहां भी लागू हो) से एआईसीटीई अनुमोदित कोर्स के रूप में होनी चाहिए।

iii) संबंधित विषय मे इंजीनियरिंग में 05 वर्ष बी.ई./बी.टेक. + एमई/एम टेक इंटीग्रेटेड दोहरी डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों पर भी विचार किया जाएगा।

iv) उपरोक्त डिग्री में न्यूनतम अंकों का प्रतिशत अनारक्षित (यूआर) तथा ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के लिए औसत 60 प्रतिशत अंक होगा।

v) एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी श्रेणी से संबंध रखने वाले उम्मीदवारों के लिए अपनी संबंधित डिग्री में न्यूनतम अंकों का प्रतिशत 50 प्रतिशत होगा।

vi) एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी श्रेणी से संबंध रखने वाले विभागीय उम्मीदवारों के लिए अपनी संबंधित डिग्री में न्यूनतम अंकों का प्रतिशत 45 प्रतिशत होगा।

vii) अनारक्षित श्रेणी एवं ओबीसी से संबंध रखने वाले विभागीय उम्मीदवारों के लिए अपनी संबंधित डिग्री में न्यूनतम अंकों का प्रतिशत 55 प्रतिशत होगा।

viii) ऐसे उम्मीदवार जो वर्तमान में अपनी इंजीनियरिंग डिग्री (या दोहरी डिग्री) के अंतिम वर्ष (2020–21) में हैं और यूआर/ओबीसी (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित हैं, को न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक हासिल करना अनिवार्य हैं और एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन के समय अंतिम सेमेस्टर/वर्ष तक औसत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

**3.0 आयु सीमा:**

प्वाइंट नं. 6(ख) में वर्णित अनुसार ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को ऊपरी आयु सीमा 27 वर्ष है। 27 वर्ष की अधिकतम आयु पर ऊपरी आयु सीमा में एसटी/एससी के लिए 5 वर्ष तक और ओबीसी (नॉन–क्रीमी लेयर) के लिए 3 वर्ष तक की छूट है तथा पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिकों के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार है। विभागीय उम्मीदवारों (एनएमडीसी) के लिए आयु सीमा में 10 वर्षों तक की छूट होगी।

**4.0 उम्मीदवारों को नीचे दिये गये विवरण के अनुसार गेट–2021 पेपर में शामिल होना होगा:**

| एनएमडीसी द्वारा विज्ञापित अनुसार इंजीनियरिंग विषय | एनएमडीसी विषय के अंतर्गत समकक्ष माने जाने वाले इंजीनियरिंग विषय/शाखा | संगत गेट–2021 पेपर | संगत गेट–2021 पेपर कोड |
|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रिकल | 1. इलेक्ट्रिकल<br>2. इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स<br>3. पावर सिस्टम्स एंड हाई वोल्टेज इंजीनियरिंग<br>4. पावर इलेक्ट्रॉनिक्स | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | ईई |
| मैकेनिकल | 1. मैकेनिकल<br>2. मैकेनिकल एंड ऑटोमेशन<br>3. इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग<br>4. मैकेनिकल प्रोडक्शन<br>5. प्रोडक्शन इंजीनियरिंग<br>6. माइनिंग मशीनरी | मैकेनिकल इंजीनियरिंग | एमई |
| माइनिंग | 1. माइनिंग इंजीनियरिंग | माइनिंग इंजीनियरिंग | एमएन |
| मैटेरियल मैनेजमेंट | इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/माइनिंग | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग<br>माइनिंग इंजीनियरिंग | ईई/एमई/एमएन |

* सामग्री प्रबंधन विभाग के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को उपरोक्त तालिका (4.0) में निर्धारित अनुसार किसी भी विषय में गेट–2021 पेपर में शामिल होना होगा।

**5.0 पदों की संख्या एवं आरक्षण:**

प्रत्येक शाखा में श्रेणी–वार अनुमानित रिक्तियां निम्नानुसार हैं:

| शाखा | रिक्तियां | | | | | | पीडब्ल्यूबीडी के लिए चिन्हित दिव्यांगता का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | अना | ओबीसी (एनसीएल) | एससी | एसटी | ईडब्ल्यूएस | |
| इलेक्ट्रिकल | 10 | 06 | 02 | 01 | | 01 | 1. गूंगे एवं बहरे<br>2. चलन दिव्यांगता (*ओए, ओएल) साध्य कुष्ठ रोग, बौनापन एवं एसिड अटैक पीड़ित सहित<br>3. 1 एवं 2 का संयोजन |
| सामग्री प्रबंधन | 25 | 10 | 07 | 04 | 02 | 02 | |
| मैकेनिकल | 14 | 06 | 04 | 02 | 01 | 01 | |
| माइनिंग | 18 | 08 | 05 | 02 | 01 | 02 | —— |
| **कुल** | **67** | **30** | **18** | **9** | **4** | **6** | |

* ओए–एक भुजा, ओएल–एक पैर

** इलेक्ट्रिकल, सामग्री प्रबंधन एवं मैकेनिकल शाखाओं में होरिजोन्टल आधार पर तीन पद बैंचमार्क दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूबीडी) के लिए आरक्षित हैं।

**6.0 आवेदन कैसे करें:**

आवेदन केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से स्वीकार किये जाएंगे। उम्मीदवार को केवल ऑनलाइन आवेदन करना है।

| क्र.सं. | ऑनलाइन प्रक्रिया |
|---|---|
| क | गेट–2021 पर विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार http://gate.iitb.ac.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं। |
| ख | उम्मीदवार जिन्होंने ऑनलाइन गेट–2021 के लिए आवेदन किया है, वे अपने प्रवेश पत्र पर मुद्रित अपनी गेट–2021 पंजीकरण संख्या प्राप्त करेंगे। गेट पंजीकरण संख्या प्राप्त होने के बाद उम्मीदवार को वेबसाइट www.nmdc.co.in (लिंक वेबसाइट के "करियर्स" पेज पर उपलब्ध) पर गेट–2021 के माध्यम से एग्जीक्यूटिव ट्रेनी–2021 की भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करना है। साइट दिनांक 01.03.2021 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 21.03.2021को 12.00 बजे तक उपलब्ध/सक्रिय रहेगी। |
| ग | कृपया सुनिश्चित करें कि गेट पंजीकरण संख्या जो कि आपके गेट प्रवेश पत्र पर वर्णित है, को सही भरना है। नाम जैसा गेट प्रवेश पत्र में है, वैसा ही भरना होगा। एक बार आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बाद उम्मीदवार द्वारा बाद में किसी भी दर्ज डाटा को सही करने की अनुमति के संबंध में मिले अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। |
| घ | एक उम्मीदवार केवल एक पद/विषय के लिए आवेदन कर सकता है। एक से अधिक पद/विषय के लिए आवेदन करने पर उम्मीदवार पर विचार नहीं किया जाएगा। |
| ङ | ऑनलाइन प्रक्रिया में तकनीकी पहलू पर सहायता के लिए हेल्पलाइन ई–मेलः nmdc@jobapply.in सभी कार्यदिवसों में प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक उपलब्ध होगी। |
| च | उम्मीदवारों को सभी विवरण ऑनलाइन भरना आवश्यक है और अधिसूचना की आवश्यकता के अनुसार सभी संगत दस्तावेज/प्रमाणपत्रों को अपलोड करना है। |
| छ | अधिसूचना के संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण, टंकण त्रुटि या भूलचूक, शुद्धिपत्र आदि को केवल उपरोक्त एनएमडीसी वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। |
| ज | ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे एनएमडीसी वेबसाइट पर उपलब्ध अधिसूचना के सभी निर्देशों को भली भांति पढ़ लें और गेट–2021 पंजीकरण संख्या आदि सहित ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी जानकारी सही भरें। |
| झ | सभी उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के रूप में रु. 500/– (पांच सौ रुपए मात्र) का भुगतान करना है जो कि अ–प्रतिदेय है । |
| ञ | पद के लिए आवेदन करने वाले अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिकों तथा एनएमडीसी लि. के विभागीय उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट होगी। बिन्दु सं. 15.11(क) में वर्णित अनुसार शुल्क में छूट का दावा करने का प्रमाण संलग्न करना होगा। उपरोक्त प्रमाणपत्र या शुल्क भुगतान विवरण न होने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। |
| ट | ऑनलाइन आवेदन के साथ एकीकृत इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करके एसबीआई–क्लेक्ट के माध्यम से यूपीआई/क्रेडिट कार्ड/ऑनलाइन नेट बैंकिंग का उपयोग करके भुगतान किया जा सकता है। लेनदेन प्रभार, यदि कोई हो, का वहन उम्मीदवार द्वारा करना होगा। लेनदेन सफलतापूर्वक समाप्त होने के बाद, विशिष्ट लेनदेन संख्या के साथ आवेदन फार्म और आवेदन नम्बर जेनरेट होगा जिसका रिकार्ड के लिए प्रिंट लेना है। यदि उम्मीदवार को विशिष्ट लेनदेन संख्या के साथ आवेदन फार्म प्राप्त नहीं होता है तो उसका ऑनलाइन आवेदन पूर्ण नहीं माना जाएगा और उसे दोबारा भुगतान करना होगा। लेनदेन असफल होने पर यह 10 दिनों के भीतर उस खाते में स्वतः ही वापिस हो जाएगा जिस खाते से भुगतान किया गया था। |
| ठ | एक बार आवेदन शुल्क भुगतान करने के बाद इसे वापिस या किसी आगे की अधिसूचना के लिए समायोजित नहीं किया जाएगा, इसके साथ ही आवेदन शुल्क का भुगतान किये जाने वाले अधिसूचना के निरस्तीकरण के मामले में भी यह लागू होगा। |
| ड | उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि निम्नलिखित दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी तैयार रखें (i) हाल का पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ (ii) 10वीं प्रमाणपत्र (iii) योग्यता के समर्थन में प्रमाणपत्र (iv) लागू अनुसार जाति/श्रेणी प्रमाणपत्र अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व.(एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/दिव्यांगता प्रमाणपत्र आदि (अ) गेट–2021 प्रवेश पत्र (अप) स्कैन किये गये हस्ताक्षर आदि। |
| ढ | ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उम्मीदवार को भरे हुए आवेदन की हार्ड कॉपी डाउनलोड करनी है और इस पर ऑनलाइन आवेदन में प्रदर्शित विशिष्ट पंजीकरण संख्या, रोज़गार अधिसूचना सं., लिफाफे के ऊपर पद का नाम एवं शाखा वर्णित करते हुए सभी प्रमाणपत्रों एंव प्रत्ययपत्रों की प्रतियां (स्व–प्रमाणित) के साथ हाल का फोटो चिपकाकर अपने आवेदन के समर्थन में गेट–2021 प्रवेश पत्र की प्रति के साथ इसे डाक द्वारा "पोस्ट बॉक्स नं. 1382, डाकघर, हुंमायू नगर, हैदराबाद, तेलंगाना राज्य, पिन–500028" के पास भेजें जो कि. 05.04.2021 तक या उससे पूर्व पहुंच जाना चाहिए। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले डाउनलोड किये गये आवेदनों या सहायक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदनों को तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। |
| ण | कॉल लैटर/प्रवेश पत्र डाक/ई–मेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। कॉल लैटर/प्रवेश पत्र एनएमडीसी वेबसाइट पर कॅरियर्स पेज से भी जेनरेट किये जा सकते हैं। एनएमडीसी उम्मीदवार द्वारा दिये गये अवैध/गलत ई–मेल आईडी के कारण भेजा गया ई–मेल न मिलने या डाक में देरी/डाक द्वारा सूचना नहीं मिलने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। केवल वैध कॉल लैटर/प्रवेश पत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को ही समूह चर्चा एवं साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। |
| त | उम्मीदवार को मान्यताप्राप्त बोर्ड द्वारा जारी 10वीं कक्षा प्रमाणपत्र के अनुसार अपनी जन्म तिथि एवं नाम वर्णित करना होगा। |
| थ | कृपया सुनिश्चित करें कि गेट पंजीकरण संख्या, जो कि आपके गेट प्रवेश पत्र पर वर्णित है, को सही भरा गया है। एक बार आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बाद उम्मीदवार को बाद में किसी भी दर्ज डाटा में परिवर्तन की अनुमति नही दी जाएगी। |
| द | उम्मीदवारों को पंजीकरण फार्म का प्रिंटआउट अपने पास रखना है जो कि सफलतापूर्वक पंजीकरण के बाद सिस्टम द्वारा जेनरेट होगा। |

(क्रमशः)

**7.0 चयन की प्रक्रियाः**

योग्य उम्मीदवारों को ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट–2021) में शामिल होना होगा। गेट–2021 अंकों तथा आवश्यकता के आधार पर उम्मीदवारों को विषय–वार, श्रेणी वार आगे की चयन प्रक्रिया (जीडी एवं साक्षात्कार) के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध किया जाएगा। अंकों की निम्नलिखित भारिता के आधार पर अंतिम मैरिट सूची तैयार की जाएगी। कृपया नोट करें कि एनएमडीसी लिमिटेड में एग्जीक्यूटिव ट्रेनी–2021 भर्ती के लिए केवल गेट–2021 अंक ही वैध होंगे और 2020 या उससे पूर्व का गेट स्कोर मान्य नहीं होगा।

| क्र.सं. | घटक | 100 में से भारित (अंक) |
|---|---|---|
| 1. | संबंधित विषय में गेट–2021 स्कोर | 70 |
| 2. | समूह चर्चा (जीडी) | 15 |
| 3. | साक्षात्कार | 15 |

**8.0 समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों का अनुपातः**

उम्मीदवारों को गेट–2021 विषय–वार, श्रेणी वार प्राप्त अंकों के आधार पर 1:10 के अनुपात पर समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा जो कि गेट–2021 में प्राप्त अंकों पर आधारित है। यदि गेट–2021 में दो या उससे अधिक उम्मीदवार समान विषय एवं श्रेणी में समान अंक प्राप्त करते हैं तथा अनुपात 1:10 से बढ़ जाता है तो उपरोक्त अनुपात के निरपेक्ष समान अंक प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

**9.0 समूह चर्चा एवं साक्षात्कारः**

i) गेट–2021 परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को विषय–वार एव श्रेणी–वार समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए 1:10 के अनुपात पर बुलाया जाएगा।

ii) समूह चर्चा समिति उम्मीदवारों के लिए समूह चर्चा आयोजित करेगी। समूह चर्चा का विषय समूह चर्चा समिति द्वारा निर्धारित किया जाएगा। जीडी का विषय या ता विषय से संबंधित या सामान्य हो सकता है।

iii) समूह चर्चा विषय–वार एवं श्रेणी–वार बैच में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक बैच में उम्मीदवारों की संख्या समूह चर्चा के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

iv) उम्मीदवारों को विषय–वार उपरोक्त निर्धारित अनुपात पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

**10.0 प्रशिक्षण एवं परिवीक्षाः**

एग्जीक्यूटिव ट्रेनी के रूप में चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष के लिए प्रशिक्षण पर रखा जाएगा। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद उम्मीदवारों को एक वर्ष की परिवीक्षा के अंतर्गत रखा जाएगा।

**11.0 प्लेसमेंटः**

चयनित उम्मीदवारों को किसी भी चरण में आवश्यकता के अनुसार एनएमडीसी लि. की किसी भी खान/यूनिट/कार्यालय में नियुक्त किया जाएगा और उन्हें कम्पनी की व्यवसाय आवश्यकता के अनुसार जॉब/कार्य/एसाइनमेंट्स दिया जा सकता है।

**12.0 स्वास्थ्यः**

नियुक्ति से पूर्व उम्मीदवारों की एनएमडीसी मान्यताप्राप्त अस्पताल द्वारा रोज़गार–पूर्व चिकित्सा जांच की जाएगी और एनएमडीसी प्रबंधन का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

**13.0 पारिश्रमिकः**

कार्यपालक प्रशिक्षुओं को कम्पनी के नियमों के अनुसार मूल वेतन रु. 50,000/– प्लस महंगाई भत्ता (आईडीए) दिया जाएगा। एक वर्ष का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद कार्यपालक प्रशिक्षुओं को रु. 60,000–1,80,000 के वेतनमान में सहायक प्रबंधक के रूप में पदनामित किया जाएगा और प्रारंभिक मूल वेतन रु. 60,000/– होगा।

प्रशिक्षण को सफलापूर्वक पूरा करने के बाद वे कम्पनी/इसकी सहायक कंपनियों के नियमों के अनुसार लागू मूल वेतन, महंगाई भत्ता, कैफेटेरिया एप्रोच के अंतर्गत परिलब्धियां, पीएफ, ग्रेच्युटी, पीआरपी तथा अन्य भत्ते एवं लाभ प्राप्त करने के हकदार होंगे।

प्रारंभिक मूल वेतन पर सीधी भर्ती के रूप में कम्पनी पूर्व रोज़गार, यदि कोई हो का वेतन/छुट्टी वेतन/पेंशन अंशदान आदि पर किसी भी दायित्व का वहन नहीं करेगी।

**14.0 मूल दस्तावेजों के साथ दस्तावेजों का सत्यापनः**

जीडी एवं साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों को जीडी एवं साक्षात्कार के समय अधिसूचना के अनुसार अपनी योग्यता के सत्यापन के लिए आयु, योग्यता, गेट–2021 स्कोर कार्ड, जाति (एसटी/एसटी/ओबीसी–एनसीएल/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक) प्रमाणपत्र, गेट प्रवेश पत्र, एनएमडीसी आवेदन पत्र आदि के समर्थन में स्व–सत्यापित फोटोप्रतियों के साथ मूल दस्तावेज/प्रत्ययपत्र प्रस्तुत करने होंगे। यदि उम्मीदवार समूह चर्चा एवं साक्षात्कार में उपस्थित होने से पूर्व अपेक्षित दस्तावेजों को प्रस्तुत/जमा नहीं करता है तो उम्मीदवार को जीडी एवं साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा परिवहन भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा। इस संबंध में एनएमडीसी प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा।

**15.0 सामान्य शर्तेः**

**15.1** जन्म तिथि के साथ ही आवेदन में नाम मान्यताप्राप्त बोर्ड द्वारा जारी 10वीं कक्षा प्रमाणपत्र के समान होना चाहिए और नाम एवं जन्म तिथि का अन्य कोई प्रमाण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**15.2** आयु के लिए योग्यता की गणना के लिए कट–ऑफ तिथि इस अधिसूचना के बिन्दु सं. 6(ख) में वर्णित अनुसार ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी। यदि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाती है तो भी योग्यता की गणना के लिए मूल कट–ऑफ तिथि यथावत रहेगी।

**15.3** निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य है और ऐसा नहीं होने पर उम्मीदवार द्वारा कोई अन्य उच्च योग्यता धारण किये जाने पर भी उम्मीदवार समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने हेतु योग्य नहीं है।

**15.4** एनएमडीसी प्रबंधन गेट स्कोर एवं शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि के आधार पर जीडी एवं साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने हेतु योग्यता को संशोधित/निर्धारित करने का अधिकार रखता है।

**15.5** भर्ती प्रक्रिया के दौरान, यदि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई जानकारी झूठी/अपूर्ण पाई जाती है या उपरोक्त पद के लिए अधिसूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार योग्यता मापदंड के अनुरूप नहीं है या यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने किसी भौतिक जानकारी को छुपाया/विकृत किया है, तो ऐसे मामले में भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या चयन के बाद भी उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

**15.6** केवल न्यूनतम योग्यता मापदंड पूरा करने मात्र से ही उम्मीदवार भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के लिए बुलाये जाने का अधिकार नहीं रखता है। प्रतिउत्तर एवं भर्ती के आधार पर प्रबंधन पूरी भर्ती प्रक्रिया/चयन प्रक्रिया को, यदि आवश्यक हुआ, तो बिना कोई कारण बताएं या आगे सूचना दिये बिना बढ़ाने/छूट देने/निरस्त करने/संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार रखता है। साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने हेतु प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। भर्ती प्रक्रिया के दौरान इस संबंध में कोई भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**15.7** किसी भी टंकण त्रुटि या भूलचूक के मामले में अधिसूचना के लिए स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र केवल एनएमडीसी वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। ऐसे मामले में, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि भी बढ़ाई जाएगी। सामान्यतः रोज़गार अधिसूचना जारी होने के बाद रिक्तियों की संख्या, अधिसूचित विनिर्देशनों/मापदंडों में कोई संशोधन नहीं किया जाएगा।

**15.8** उपरोक्त पद के लिए आवेदन करते समय उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे कट–ऑफ तिथि को उपरोक्त वर्णित सभी योग्यता एवं अन्य मापदंडों को पूरा करते है और भरे गये विवरण सभी दृष्टियों से सही हैं।

**15.9** जीडी एवं साक्षात्कार में बुलाये जाने एवं उपस्थित होने वाले सभी आउटस्टेशन उम्मीदवारों को संक्षिप्त मार्ग का रेलवे/बस टिकट प्रस्तुत करने पर द्वितीय ए/सी दो टियर रेल/बस किराये के परिवहन भत्ते का पुनर्भुगतान किया जाएगा। (टीए फार्म संलग्नक–1 के रूप में उपलब्ध है)।

**15.10** जीडी एवं साक्षात्कार में उपस्थित होते समय उम्मीदवार की योग्यता के अनुसार उम्मीदवार को पुनर्भुगतान के लिए अपने मूल परिवहन टिकट के साथ विधिवत् भरा गया परिवहन भत्ता फार्म जमा करना होगा। यद्यपि, कथित परिवहन भत्ता उचित समय में एनएमडीसी द्वारा ई–भुगतान के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

**15.11** (क) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन–क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित विनिर्दिष्ट प्रारूप में लागू अनुसार जाति/स्थायी प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करनी होगी। उम्मीदवार द्वारा जमा किया गया अ.पि.व. प्रमाणपत्र साक्षात्कार की तिथि से 06 माह के भीतर जारी एवं कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, नई दिल्ली कार्यालय ज्ञापन सं. 36012/22/93–स्था.(एससीटी) दिनांक 08.09.93 में शामिल आदेश के अनुसार होना चाहिए और इसमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार उपरोक्त वर्णित कार्यालय ज्ञापन दिनांक 08.09.93 की अनुसूची के कॉलम–3 में वर्णित अनुसार व्यक्ति/वर्ग (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं है और भारत सरकार द्वारा जारी नवीनतम दिशानिर्देशों के अनुसार भारत सरकार द्वारा अ.पि.व. के रूप में सूचीबद्ध समुदाय से संबंधित है।

**15.11** (ख) ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आरक्षण पाने के इच्छुक उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाणपत्र जमा करना होगा। निर्धारित प्रारूप एवं कथित प्रमाणपत्र के लिए सक्षम प्राधिकारी डीओपीटी कार्यालय ज्ञापन सं. 36039/1/2019 दिनांक 31.1.19 में वर्णित किया गया है। (ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र प्रारूप अनुलग्नक–4 में संलग्न है)

**15.11** (ग) ऑनलाइन आवेदन में श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी–एनसीएल/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी) को भरने के बाद परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी और अन्य श्रेणी का कोई भी लाभ बाद में लागू नहीं होगा।

**15.12** यदि अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन–क्रीमी लेय)/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिन्दी भाषा के अलावा अलग भाषा में है तो उम्मीदवारों को इसकी अंग्रेजी या हिन्दी में अनुवाद की गई स्व–प्रमाणित प्रति जमा करनी होगी।

**15.13** भूतपूर्व सैनिकों को जीडी एवं साक्षात्कार के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये उसके द्वारा अर्जित योग्यता के समकक्ष प्रमाणपत्र को प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त की अनुपस्थिति में उम्मीदवारों को समूह चर्चा एवं साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**15.14** निर्धारित परिवहन भत्ता दावा प्रपत्र (संलग्नक–1), अ.जा./अ.ज.जा. के लिए जाति प्रमाणपत्र (संलग्नक–2), अ.पि.व. (एनसीएल) प्रमाणपत्र (संलग्नक–3) तथा ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र (संलग्नक–4) केवल एनएमडीसी वेबसाइट www.nmdc.co.in पर कॅरियर्स पेज पर अधिसूचना में उपलब्ध हैं।

**15.15** विभागीय उम्मीदवारों का मतलब केवल ऐसे उम्मीदवारों से है जो स्थायी कर्मचारी के रूप में वर्तमान में एनएमडीसी के साथ कार्यरत है और एनएमडीसी कर्मचारी के आश्रित या अनुबंध आधार पर नियुक्त कर्मचारी नहीं हैं।

**15.16** केवल ऑनलाइन आवेदन करने मात्र से ही उम्मीदवार को अपने आवेदन के संबंध में दावा करने का अधिकार नहीं होगा। उन्हें निर्धारित तिथि से पूर्व अपने आवेदन के दावें के रूप में आयु, योग्यता, अनुभव, गेट–2021 प्रवेश पत्र, एनएमडीसी आवेदन पत्र आदि के लिए सहायक दस्तावेजों (स्व–सत्यापित) के साथ डाउनलोड/भरे गये आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जमा करनी होगी और ऐसा नहीं करने पर उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

**15.17** उम्मीदवार, यदि समूह चर्चा एव साक्षात्कार के लिए संक्षिप्त सूचीबद्ध किया जाता है, तो उसे समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के समय गेट–2021 आयोजन करने वाले प्राधिकरण से प्राप्त मूल गेट–2021 स्कोर कार्ड प्रस्तुत करना होगा।

**15.18** भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह के अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता करार दिया जाएगा।

**15.19** उम्मीदवार आवेदन पत्र और गेट–2021 प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट अपने पास रख लें क्योंकि उन्हें भविष्य में संदर्भ के लिए किसी भी समय प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है।

**15.20** ऐसे पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी उम्मीदवार लागू आरक्षण/छूट का लाभ पाने के लिए योग्य होंगे जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40 प्रतिशत या उससे अधिक होगी।

**15.21** विज्ञापन के अंग्रेजी एवं हिन्दी अंक में असमानता होने की स्थिति में अंग्रेजी अंक ही मान्य होगा।

**15.22** केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के लिए योग्य हैं।

**15.23** जहां डिग्री में सीजीपीए/लैटर ग्रेड दिया जाता है, वहां पर ऑनलाइन आवेदन पत्र में विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाये गये मानकों के अनुसार अंकों का समकक्ष प्रतिशत दर्शाया जाना चाहिए। उम्मीदवार को समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के समय विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाये जाने वाले ऐसे मानकों की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जहां कोई मानक विनिर्देषित नहीं हैं, सीजीपीए/ग्रेड को 10 प्वाइंट स्केल पर प्रदान किया गया माना जाएगा।

**15.24** यह नोट करें कि बिना वैध गेट–2021 पंजीकरण संख्या के आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा।

**15.25** किसी भी विवाद के मामले में न्यायिक क्षेत्राधिकार हैदराबाद होगा।

**15.26** उम्मीदवारों को अपने आवेदन आदि के समर्थन में सभी प्रमाणपत्रों एवं प्रत्ययपत्रों (स्व–सत्यापित) की प्रतियों के साथ आवेदन की हार्ड कॉपी भेजने से पहले लिफाफे के ऊपर रोज़गार अधिसूचना सं., पद का नाम, विभाग एवं ऑनलाइन आवेदन करते समय जेनरेट हुआ एनएमडीसी पंजीकरण नं., गेट–2021 पंजीकरण नं. वर्णित करके इसे "पोस्ट बॉक्स नं. 1382, पोस्ट ऑफिस हुमांयू नगर, हैदराबाद, तेलंगाना राज्य, पिन–500028" के पास भेजना होगा जो दिनांक 05.04.2021 तक या उससे पूर्व पहुंच जाना चाहिए।

| | महत्वपूर्ण तिथियां | |
|---|---|---|
| क | एनएमडीसी लि. में ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए www.nmdc.co.in पर लिंक का एक्टिवेशन | 01.03.2021 |
| ख | एनएमडीसी लि. में ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 21.03.2021 |
| ग | 6.0 (ढ) में वर्णित अनुसार हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 05.04.2021 |

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि नवीनतम जानकारी के लिए एनएमडीसी लि. वेबसाइट www.nmdc.co.in नियमित रूप से देखते रहें।

**महाप्रबंधक**
**(कार्मिक)**

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम NCDC Assisting Cooperatives. Always! सहकारिताओं की सहायता में सदैव तत्पर

# राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम

(संसदीय अधिनियम के अंतर्गत स्थापित सांविधिक निकाय)

4, सिरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, हौज खास, नई दिल्ली - 110016

सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

**विज्ञापन संख्या : 01/2021**

| पद व वेतनमान | विशेषता का क्षेत्र | रिक्तियों की संख्या | आयु सीमा | पात्रता |
|---|---|---|---|---|
| **1. उप निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर-11 में | सामान्य | 1 (ईडब्ल्यूएस) | 35 वर्ष | ***अनिवार्यः*** स्नातक डिग्री के साथ वित्त/ विपणन में विशेषज्ञता सहित एम.बी.ए. (2 वर्षीय पूर्णकालिक / 3 वर्षीय अंशकालिक) अथवा अर्थशास्त्र/वाणिज्य/ सांख्यिकी/ कृषि- व्यापार/ ग्रामीण प्रबंधन/ सहकारी प्रबंधन/ बैंकिंग/ बीमा क्षेत्रों में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा चार्टर्ड लेखाकार/ लागत लेखाकार<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/ वित्तीय/ विकासात्मक संस्था में वित्त, लेखा, लागत निर्धारण, कराधान, जोखिम मूल्यांकन, लेखापरीक्षा, संसाधन प्रबंधन, परियोजना मूल्यांकन, वित्त, निगरानी, मूल्यांकन तथा संबद्ध क्षेत्रों में कार्यपालक क्षमता में 5 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता । |
| **2. उप निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर-11 में | एमआईएस | 1 (अनु.जा.) | 35 वर्ष | ***अनिवार्यः*** कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ कम्युनिकेशन में बी.ई./ बी.टेक. अथवा एम.सी.ए. या कंप्यूटर विज्ञान में एम.एससी.<br>शैक्षिक योग्यता के उपरांत सिस्टम विश्लेषण / डेटा प्रबंधन / आवश्यकता-आधारित सॉफ्टवेयर या ओरेकल, एसक्यूएल सर्वर आदि के क्षेत्रों में, बैंक / वित्तीय संस्थान में अधिमान्य / कार्यपालक क्षमता में 5 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव। |
| **3. उप निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर-11 में | खाद्य प्रसंस्करण | 1 (अ.पि.व.) | 35 वर्ष | ***अनिवार्यः*** खाद्य प्रसंस्करण में बी.ई./ बी.टेक.<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त संबंधित क्षेत्र में इकाइयों के कार्यान्वयन/ संचालन/ रख-रखाव/ गुणवत्ता नियंत्रण आदि का कार्यपालक क्षमता में 5 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता । |
| **4. सहायक निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर-10 में | सामान्य | 5<br>(अनारक्षित-1)<br>(अनु.जा.-1)<br>(अनु.ज.जा-1)<br>(ईडब्ल्यूएस-2)<br>कुल 5 रिक्तियों में से 1 रिक्ति नीचे दिए गए नोट में दर्शायी गई शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्ति की श्रेणी (क) हेतु आरक्षित है | 30 वर्ष | ***अनिवार्यः*** स्नातक डिग्री के साथ वित्त/ विपणन में विशेषज्ञता सहित एम.बी.ए. (2 वर्षीय पूर्णकालिक/ 3 वर्षीय अंशकालिक) अथवा अर्थशास्त्र/ वाणिज्य / सांख्यिकी / कृषि व्यापार / ग्रामीण प्रबंधन/ सहकारी प्रबंधन/ बैंकिंग / बीमा में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा चार्टर्ड लेखाकार/ लागत लेखाकार<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/ वित्तीय/ विकासात्मक संस्था में वित्त, लेखा, लेखा परीक्षा, परियोजना मूल्यांकन, परियोजना वित्त पोषण, मॉनीटरिंग, मूल्यांकन तथा संबद्ध कार्यों में 2 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता। |
| **5. सहायक निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर-10 में | विधिक | 1 (ईडब्ल्यूएस) | 30 वर्ष | ***अनिवार्यः*** विधि/कानून में स्नातक डिग्री तथा बार काउंसिल में एडवोकेट के रूप में नामांकन।<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त विधिक/वित्तीय प्रलेखों, रेहनों, गारंटियों, बंधनों, वसूली के विवादों / दावों आदि तथा विधि के विभिन्न न्यायालयों/ट्रिब्यूनलों में चल रहे विवादों से संबंधित मामलों, अधिमानतः बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं से संबंधित क्षेत्रों में 2 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता । |
| **6. सहायक निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर-10 में | एमआईएस | 1 (अनारक्षित) | 30 वर्ष | ***अनिवार्यः*** कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी/ इलेक्ट्रॉनिक्स/ कम्युनिकेशन में बी.ई./ बी.टेक. अथवा एम.सी.ए. या कंप्यूटर विज्ञान में एम.एससी.<br>शैक्षिक योग्यता के उपरांत सिस्टम विश्लेषण/डेटा प्रबंधन/आवश्यकता-आधारित सॉफ़्टवेयर या ओरेकल, एसक्यूएल सर्वर आदि के क्षेत्रों में बैंक/वित्तीय संस्थान में 2 वर्ष कार्य करने का अनुभव |
| **7. सहायक निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर-10 में | बागवानी | 1 (अ.पि.व.) | 30 वर्ष | ***अनिवार्यः*** बागवानी में बी.टेक./ बी.एससी.<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त क्षेत्र में इकाइयों के कार्यान्वयन/ संचालन/ रखरखाव/गुणवत्ता नियंत्रण आदि में 2 वर्ष कार्य करने का अनुभव तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता । |
| **8. सहायक निदेशक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर-10 में | पशुधन | 1 (अ.पि.व.) | 30 वर्ष | ***अनिवार्यः*** पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन में स्नातक की डिग्री (बी.वी.एससी. एवं एएच)।<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त क्षेत्र में इकाइयों के कार्यान्वयन/ संचालन/ रखरखाव/गुणवत्ता नियंत्रण आदि में 2 वर्ष कार्य करने का अनुभव तथा कंप्यूटर एवं संबंधित सॉफ्टवेयर के प्रयोग में प्रवीणता । |
| **9. प्रोग्राम अधिकारी** सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर-7 में | सामान्य | 6<br>(अ.पि.व-1)<br>(अनु.जा-2)<br>(ईडब्ल्यूएस-3) | 30 वर्ष | ***अनिवार्यः*** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 50% अंकों सहित स्नातक डिग्री (अनु. जा./ अनु. ज.जा. के मामले में 45 % तक )<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त केंद्रीय/ राज्य सरकार / अर्धसरकारी संगठनों / सहकारी संगठनों में 2 वर्ष तक कार्य करने का अनुभव होना चाहिए<br>***वांछनीय :***<br>सहकारिता में डिप्लोमा |
| **10. वरिष्ठ सहायक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर-6 में | सामान्य | 3<br>(अनु.जा.-1)<br>(ईडब्ल्यूएस-2) | 30 वर्ष | ***अनिवार्यः*** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 50% (अनु.जा./ अनु.ज.जा. के मामले में 45% तक) अंकों सहित स्नातक डिग्री (ii) कम्प्यूटर का ज्ञान |
| **11. कनिष्ठ सहायक** सातवें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स स्तर-4 में | सामान्य | 9<br>(अनारक्षित-1)<br>(अ.पि.व-2)<br>(अनु.जा-2)<br>(अनु.ज.जा-1)<br>(ईडब्ल्यूएस-3)<br>कुल 9 रिक्तियों में से 01 रिक्ति भूतपूर्व सैनिक हेतु आरक्षित है | 27 वर्ष | ***अनिवार्यः*** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री तथा कम्प्यूटर का ज्ञान |

(क्रमशः)

**नोटः**

i) विज्ञापित रिक्तियों की संख्या आवश्यकता के अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है ।

ii) पदों पर चयनित उम्मीदवारों को देश के किसी भी भाग में सेवा करने हेतु तैनात किया जा सकता है। ये पदधारक मुख्यालय, लिनाक, गुरूग्राम व निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों में कहीं भी तैनात किए जा सकते हैं ।

iii) शारीरिक रूप से दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक कोटा के लिए नियुक्त अभ्यर्थी अपनी-अपनी संबंधित श्रेणी **अर्थात्**, अनारक्षित/अनु. जा./अनु.जन.जा./अ.पि.व. /आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के पदों पर समायोजित किये जायेंगे ।

iv) आयु सीमा में छूट, केन्द्रीय सरकार/एनसीडीसी के नियमों के अनुसार, अनु.जा./ अनु.जन.जा. /शारीरिक रूप से दिव्यांग /भूतपूर्व सैनिक /अ.पि.व. (क्रीमीलेयर को छोड़कर) / विभागीय (केवल एनसीडीसी के कर्मचारियों हेतु) अभ्यर्थियों के लिए निम्न प्रकार से होगी :-

- अ.पि.व. – 3 वर्ष
- अनु.जा. – 5 वर्ष
- अनु.ज.जा. – 5 वर्ष
- शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों (कम से कम 40% तक शारीरिक रूप से दिव्यांग) हेतु – 10 वर्ष
- भूतपूर्व सैनिक –प्रदान की गयी वास्तविक सैन्य सेवा के साथ 3 वर्ष
- विभागीय अभ्यर्थी (केवल एनसीडीसी के कर्मचारियों हेतु) – 5 वर्ष
- अभ्यर्थी जो सामान्य तौर पर दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य में अधिवासित रहें हो – 5 वर्ष

v) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित अभ्यर्थी जो कि शारीरिक रूप से दिव्यांगता अथवा भूतपूर्व सैनिक की श्रेणी में आते हैं, संचयी रूप से आयु सीमा में छूट के पात्र होंगे।

vi) यदि अ.पि.व./ अनु.जा./अनु.ज.जा./ हेतु कोई रिक्ति आरक्षित नहीं है, तब भी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। यद्यपि, वे किसी भी प्रकार के छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।

vii) भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) हेतु आरक्षण को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन सं 36039/1/2019 – ईएसटीटी(आरईएस) दिनांक 31.01.2019 द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

viii) आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) की रिक्तियां अस्थायी हैं तथा भारत सरकार के अग्रिम निर्देशों एवं किसी भी मुकदमे के परिणाम के अधीन हैं। ये नियुक्ति अनंतिम है तथा केवल उचित माध्यम से सत्यापित की गई आय उपार्जन एवं संपत्ति प्रमाण पत्र के अधीन है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2019- 20 हेतु केवल आय उपार्जन एवं संपत्ति प्रमाण पत्र पर लिया जा सकता है।

ix) शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों हेतु वर्गीकरण

क) नेत्रहीनता एवं अल्प दृष्टि;
ख) बधिर एवं अल्प श्रवण क्षमता ;
ग) चलने में असमर्थ समेत मस्तिष्क पक्षाघात, कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड हमले के शिकार तथा मांसपेशीय दुर्विकास (मस्कुलर डाईस्ट्रोफी)
घ) ऑटिज़्म, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट सीखने की अक्षमता और मानसिक बीमारी;
ड़) अनुच्छेद (क) से (घ) के तहत बधिर- नेत्रहीनता सहित व्यक्तियों **में से विभिन्न दिव्यांगताएं**

x) एक प्रतिलिपि लेखक (स्क्राइब) का उपयोग करने हेतु दिव्यांग **अभ्यर्थियों के लिए दिशानिर्देश**

दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों तथा ऐसे अभ्यर्थी जिनकी लेखन गति **किसी भी कारण से स्थायी** रूप से प्रभावित **है, वे ऑनलाइन परीक्षा** के दौरान अपने व्यय पर अपने स्वयं के प्रतिलिपि लेखक (स्क्राइब) को प्रयुक्त कर सकते हैं । ऐसे सभी मामलों में जहाँ एक प्रतिलिपि लिखने **वाला (स्क्राइब)** प्रयुक्त किया जाता है, निम्नलिखित नियम **लागू होंगे:**

- अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे **बेंचमार्क दिव्यांग** व्यक्तियों की भर्ती हेतु, भारत **सरकार** के नियमों के **अनुसार एक प्रति**लिपि लेखक (स्क्राइब) का उपयोग करने के लिए योग्य है।
- अभ्यर्थी को स्वयं के व्यय पर प्रतिलिपि लेखक **(स्क्राइब)** की व्यवस्था करनी होगी ।
- **प्रतिलिपि लेखक की शैक्षणिक धारा पद के लिए निर्धारित** शैक्षणिक धारा से अलग होना चाहिए ।
- अभ्यर्थी एवं साथ ही साथ प्रतिलिपि **लेखक (स्क्राइब)** दोनों को परीक्षा के समय कॉल **लेटर एवं** पासपोर्ट साइज फोटो के साथ **निर्धारित** प्रारूप में एक शपथ पत्र देना होगा, जो यह पुष्टि करेगा कि प्रतिलिपि लेखक (स्क्राइब) ऊपर उल्लिखित **स्क्राइब के** लिए सभी निर्धारित पात्रता **मानदंडों को पूरा करता** है । इसके अतिरिक्त, यदि बाद **में प्रतिलिपि** लेखक के माध्यम से यह विदित होता है कि उसने किसी पात्रता मानदंड या सामग्री संबंधी तथ्यों को **पूरा नहीं किया** है तो ऑनलाइन परीक्षा **के परिणाम के बाव**जूद, आवेदक का अभ्यर्थन निरस्त **कर दिया जाए**गा। ऑनलाइन परीक्षा के लिए शपथ पत्र का प्रारूप कॉल लेटर के साथ या उससे पूर्व एनसीडीसी **ऑनलाइन भर्ती** पोर्टल पर उपलब्ध **कराया जाएगा** ।
- प्रतिलिपि लेखक का प्रयोग करने **वाले अभ्यर्थी** अनिवार्य रूप से परीक्षा **के हर घंटे के लिए 20 मिनट के** प्रतिपूरक समय के पात्र होंगे **अथवा यथा**निर्देशित किए जाएंगे ।
- एक प्रतिलिपि लेखक (स्क्राइब) **केवल एक** अभ्यर्थी के लिए ही **कार्यरत होगा अन्य किसी भी अभ्यर्थी के लिए** नहीं हो सकता है । **इसके अतिरिक्त**, अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित प्रतिलिपि लिखने वाला (स्क्राइब) आयोजित परीक्षा में उसी परीक्षा के **लिए उम्मीदवार** नहीं होना **चाहिए** । यदि **प्रक्रिया** के किसी **भी चरण में उपरोक्त उल्लंघन** का पता **चलता है,** तो अभ्यर्थी तथा प्रतिलिपि लेखक (स्क्राइब) दोनों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी । परीक्षा में **प्रतिलिपि लेखक** (स्क्राइब) **की सेवाओं का** उपयोग करने **के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन** आवेदन **पत्र में सावधानी** से समान रूप से सूचित करें । बाद में, संभवतः किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा ।
- केवल पंजीकृत अभ्यर्थियों को प्रतिपूरक **समय के** लिए रियायतें **दी जाएंगी क्योंकि अभ्यर्थी को दिया गया प्रतिपूरक समय** प्रणाली **आधारित होगा**, यह परीक्षण करने वाली एजेंसी के लिए संभव नहीं होगा कि वह ऐसे समय की अनुमति दें, जबकि वे उस**के लिए पंजीकृत नहीं है। यदि** अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिपूरक समय हेतु पंजीकृत नहीं किया **गया है, तो** अभ्यर्थियों को ऐसी रियायतों की अनुमति नहीं दी जाएगी।

*(i) चलने में असमर्थ समेत मस्तिष्क पक्षाघात वाले अभ्यर्थियों के लिए दिशानिर्देश*

चलने में असमर्थ समेत मस्तिष्क पक्षा**घात वाले अभ्यर्थियों** के लिए प्रति घंटे बीस मिनट के प्रतिपूरक समय की **अनुमति दी जाए**गी जहां कार्य के प्रदर्शन (न्यूनतम 40% हानि) को कम करने के लिए प्रमुख (लेखन) चरम सीमा प्रभावित होती **है।**

*(ii) दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए दिशानिर्देश*

दृष्टिबाधित अभ्यर्थी (जो 40% से कम दिव्यांगता **से पीड़ित नहीं हैं) परीक्षण** की सामग्री को **आवर्धित फ़ॉन्ट में देखने का** विकल्प चुन सकते हैं और ऐसे सभी अभ्यर्थी परीक्षा के हर घंटे के लिए 20 मिनट के प्रतिपूरक **समय** के पात्र होंगे या यथानिर्देशित किए **जाएंगे** ।

कम दृष्टि (लो विजन) के अंतर्गत, दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों, **जो प्रतिलिपि लिखने वाला (स्क्राइब) का** उपयोग करते **हैं, रीजनिंग की** परीक्षा गैर-मौखिक प्रश्नों यदि कोई हो, एवं क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड के टेस्ट में टेबल/ग्राफ संबंधित प्रश्नों यदि कोई हो, तो छोड़ सकते हैं। संबंधित **परीक्षा के अन्य** भागों में प्राप्त कुल औसत **के आधार पर अभ्यर्थियों** को अंक प्रदान किए जाएंगे।

उपर्युक्त दिशानिर्देश समय-समय पर भारत सरकार के दिशानिर्देशों / स्पष्टीकरणों, यदि कोई हो, के संदर्भ में परिवर्तन के **अधीन हैं।**

*xi) दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए दिशानिर्देश*

*i.* चलने में असमर्थ समेत मस्तिष्क पक्षाघात वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रति घंटे बीस मिनट का प्रतिपूरक समय की अनुमति दी **जाएगी जहां कार्य के प्रदर्शन** (न्यूनतम 40% असमर्थता) को धीमा करने और अल्प दृष्टि (जो 40% से कम दिव्यांगता से पीड़ित नहीं हैं) के तहत दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए प्रमुख (लेखन) चरम सीमा **प्रभावित होती है।**

*ii.* दृष्टिबाधित अभ्यर्थी (जो 40% से कम दिव्यांगता से पीड़ित नहीं हैं) परीक्षण की सामग्री को आवर्धित फ़ॉन्ट में देखने का विकल्प चुन **सकते हैं और** ऐसे सभी अभ्यर्थी परीक्षा के हर घंटे के लिए 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के पात्र होंगे। मैग्निफाइंग फ़ॉन्ट में परीक्षण की सामग्री को देखने की सुविधा दृष्टिबाधित अभ्यर्थी के लिए उपलब्ध **नहीं होगी**, जो परीक्षा के लिए एक प्रतिलिपि लेखक (स्क्राइब) की सेवाओं का उपयोग करते हैं।

दिव्यांगजन विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,भारत सरकार, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन फा.सं. 16-110/2003-डीडीIII दिनांकित 26/02 /2013 के जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार, एक प्रतिलिपि लेखक (स्क्राइब) के उपयोग की अनुमति दी जाएगी।

उपर्युक्त दिशानिर्देश समय-समय पर भारत सरकार के दिशानिर्देशों / स्पष्टीकरणों के संदर्भ में परिवर्तन के अधीन हैं, यदि कोई हो।

xii) विज्ञापन में यथा अनुबंधित शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव आदि दिनांक 15.03.2021 के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

xiii) अभ्यर्थियों की प्रारंभिक लघु सूची कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) आयोजित करके तैयार की जाएगी। विभिन्न पदों हेतु चयन प्रक्रिया निम्न प्रकार से होगीः-

- उप निदेशक एवं सहायक निदेशक के पदों हेतु, सीबीटी में प्रदर्शन के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा । तथापि उनको, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, श्रेणी आदि से समर्थित दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के उपरांत ही साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी । उप निदेशक एवं सहायक निदेशक के पदों हेतु चयन सीबीटी एवं साक्षात्कार दोनों की सयुंक्त मैरिट के आधार पर होगा । सीबीटी तथा व्यक्तिगत साक्षात्कार में किये गये प्रदर्शन हेतु वरीयता 80:20 के अनुपात में दी जाएगी ।
- प्रोग्राम अधिकारी के पद हेतु चयन सीबीटी में मैरिट के आधार पर होगा । सीबीटी में मैरिट के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, श्रेणी आदि से समर्थित दस्तावेजों के सत्यापन हेतु बुलाया जाएगा । निगम को पूरक दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा ।
- वरिष्ठ सहायक तथा कनिष्ठ सहायक के पदों हेतु सीबीटी परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, वर्ग से समर्थित दस्तावेजों के साथ कम्प्यूटर ज्ञान के मूल्यांकन हेतु बुलाया जाएगा। ऐसे अभ्यार्थी जो निगम को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे, को कम्प्यूटर कौशल परीक्षा हेतु उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। मात्र ऐसे अभ्यर्थियों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा जो कि कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे तथा उनका चयन सीबीटी में मैरिट के आधार पर होगा।

xiv) उप निदेशक पद हेतु, उन व्यक्तियों के अनुभव को कार्यपालक क्षमता में माना जायेगा जो सरकारी क्षेत्र/स्वायत्त निकायों में 7वें वेतन आयोग के अनुसार मैट्रिक्स स्तर–7 अथवा अन्य वेतन के समकक्ष (पूर्व संशोधित पे बैंड-2 में 4600/- ग्रेड वेतन) में कार्यरत होंगे। निजी क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों के मामले में, उन व्यक्तियों के अनुभव को कार्यपालक क्षमता में माना जायेगा जो प्रबंधकीय क्षमता में कार्यरत होंगे।

xv) उप निदेशक एवं सहायक निदेशक के पदों हेतु सरकारी/सार्वजनिक उपक्रम/स्वायत्त निकाय में कार्य अनुभव को एक विकासात्मक संस्थान में कार्य अनुभव के रूप में माना जाएगा।

xvi) यदि नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी चयन के किसी चरण में यह समझें कि अनु.जा./अनु.ज.जा. के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित पदों को भरने हेतु इन समुदायों से अपेक्षित अनुभव रखने वाले पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हो रहे हैं तो नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी को इन समुदायों को योग्यता और अनुभव में छूट प्रदान करने का अधिकार होगा।

xvii) मात्र अनिवार्य योग्यताओं की पूर्ति से अभ्यर्थी कौशल जांच/लिखित परीक्षा/मौखिक परीक्षा/साक्षात्कार हेतु पात्र नहीं होंगे। एनसीडीसी शैक्षिक रिकॉर्ड, अंकों की प्रतिशतता/अनुभव आदि के आधार पर प्राथमिक चयन कर सकता है। एनसीडीसी के पास चयन प्रक्रिया को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है, यदि उचित समझा जाता है।

xviii) वेतन+ग्रेड वेतन के अतिरिक्त पदों के लिए केन्द्र सरकार की दरों पर महंगाई भत्ता/मकान किराया भत्ता और परिवहन भत्ता देय है। अन्य लाभों में निगम के नियमों के अनुसार नई परिभाषित अंशदान पेंशन योजना, ग्रेच्युटी, समूह बीमा, चिकित्सा प्रतिपूर्ति तथा अवकाश यात्रा रियायत शामिल हैं । निगम में सेवाकाल के दौरान देश में कहीं भी सेवा करने का दायित्व अंतर्निहित है।

xix) अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। उप निदेशक तथा सहायक निदेशक के प्रत्येक पद के लिए 1200/-रूपये तथा प्रोग्राम अधिकारी, वरिष्ठ सहायक एवं कनिष्ठ सहायक के पदों के लिए 750/-रूपये के आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा । एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अलग-अलग पद के लिए अलग-अलग आवेदन शुल्क देना होगा । अनु.जा./अनु.जन.जा./शारीरिक रूप से दिव्यांग (कम से कम 40% तक शारीरिक रूप से दिव्यांग) व्यक्तियों को आवेदन शुल्क के भुगतान में छूट दी गई है।

xx) प्रमाणन की प्रक्रिया एवं प्रमाण पत्रों का प्रारूप –

यदि अभ्यर्थी आरक्षित रिक्तियों अथवा आयु छूट अथवा शुल्क छूट के संबंध में आवेदन करता है, तो कौशल परीक्षा/दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार के समय निर्धारित प्रारूप में भरकर सक्षम प्राधिकारी से अपेक्षित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा । निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत न किए जाने के मामले में, आरक्षित रिक्तियों के विरुद्ध उनके आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और/अथवा वे ऐसी श्रेणियों हेतु लागू छूट/रियायत के लिए पात्र नहीं होंगे । अभ्यर्थी कृपया प्रमाण पत्रों के प्रारूप हेतु एनसीडीसी की वेबसाइट **www.ncdc.in** को देखें।

xxi) ऐसे अभ्यर्थी जो अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षण के आधार पर नियुक्ति चाहते हैं, वे यह अवश्य सुनिश्चित करें कि उनके पास जाति/समुदाय प्रमाण पत्र है और वह निर्णायक तिथि 15.03.2021 तक क्रीमीलेयर के अंतर्गत नहीं आते हैं।

xxii) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) हेतु आरक्षण का लाभ प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी द्वारा आय उपार्जन एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की निर्णायक तिथि 15.03.2021 होगी।

xxiii) परीक्षा की पद्धति तथा विषय एनसीडीसी की वेबसाइट www.ncdc.in पर अधिसूचित कर दिया जाएगा।

xxiv) इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल न्यायक्षेत्र दिल्ली के अधीन होगा।

जो अभ्यर्थी इन पदों के लिए शैक्षिक योग्यता, अनुभव, आयु तथा अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं वे अपने आवेदन एनसीडीसी की वेबसाइट **www.ncdc.in** पर ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत करें तथा प्रस्तुत किए गए आवेदन का प्रिंटआउट ले लें। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा आवेदन की हार्ड प्रतिलिपि भेजने की आवश्यकता नहीं है । साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी जांच के लिए अपने मूल दस्तावेजों के सत्यापन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंट आउट की हार्ड प्रतिलिपि तथा अपनी आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, निर्धारित प्रपत्र में अनु.जा./अनु.जन.जा./ अ.पि.व./ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/ शारीरिक रूप से दिव्यांग/ भूतपूर्व सैनिक के प्रमाण-पत्र (यदि लागू हों, एनसीडीसी की वेबसाइट **www.ncdc.in** पर जाएँ), की स्वसत्यापित प्रतियां, अपने वर्तमान नियोजक से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (यदि किसी सरकारी/सार्वजनिक के उपक्रम/स्वायत्त निकाय में कार्यरत हैं) लाएं । **ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल, 2021 है।**

# राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, धौलपुर (राजस्थान)-328028 में सिविल ग्रुप 'सी' (पूर्व में ग्रुप'डी') श्रेणी की भर्ती

नीचे दिए गए पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं. किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित सभी अपेक्षित प्रलेखों के साथ सभी तरीके से पूर्ण **परिशिष्ट-I के अनुसार आवेदन-पत्र 11 मई, 2021 तक प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, धौलपुर (राजस्थान)- 328028 के पास पहुंच जाना चाहिए.**

| क्र.सं. | पदों के नाम | पदों की संख्या | श्रेणीवार वितरण | | | | | पे मैट्रिक्स | आयु | अर्हता | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना | अजा | अजजा | अपिव | भूपूसै | | | अनिवार्य | वांछनीय |
| 1. | लाइब्रेरियन | 01 | 01 | - | - | - | - | लेवल-4 | 18-25 वर्ष के बीच | (क) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से उच्चतर माध्यमिक या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण. (ख) किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से लाइब्रेरी साइंस में प्रमाण-पत्र. | खेलों एवं खेल-कूदों में निपुणता, एनसीसी और कम्प्यूटरीकृत पुस्तकालय के कार्य में अनुभव. |
| 2. | छात्रावास अधीक्षक | 01 | - | - | - | - | 01 | लेवल-5 | 21-35 वर्ष के बीच | यूजीसी द्वारा मान्यताप्राप्त किसी विश्वविद्यालय से डिग्री. | **(क)** अंग्रेजी में निपुणता. **(ख)** छात्रावास के संचालन में अनुभव. **(ग)** लेखा में निपुणता. **(घ)** बड़े खेलों में कोच करने की योग्यता. |
| 3. | प्रयोगशाला सहायक (विज्ञान) | 01 | - | - | - | 01 | - | लेवल-3 | 18-27 वर्ष के बीच | किसी बोर्ड या संस्थान से मुख्य विषयों के रूप में भौतिकी और रसायन विज्ञान सहित मैट्रिक. | (क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मुख्य विषयों के रूप में भौतिकी और रसायन विज्ञान सहित उच्चतर माध्यमिक/ इंटरमीडिएट या उच्चतर अर्हता. (ख)कंप्यूटर का ज्ञान. (ग) अंग्रेजी और खेलों एवं खेल-कूदों में निपुणता. |
| 4. | रसोइया | 02 | - | 01 | - | 01 | - | लेवल-1 | 18-25 वर्ष के बीच | किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य उत्तीर्ण. | भारतीय भोजन पकाने की जानकारी और ट्रेड में निपुणता रखते हों. |
| 5. | एमटीएस (चपरासी) | 01 | - | 01 | - | - | - | लेवल-1 | 18-25 वर्ष के बीच | किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य उत्तीर्ण. | ट्रेड की ड्यूटी में निपुण और एक वर्ष का अनुभव. |
| 6. | एमटीएस (प्रहरी) | 01 | - | - | - | 01 | - | लेवल-1 | 18-25 वर्ष के बीच | किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य उत्तीर्ण. | ट्रेड की ड्यूटी में निपुण और एक वर्ष का अनुभव. |
| 7. | एमटीएस (सफाईवाला) | 03 | 01 | 01 | - | 01 | - | लेवल-1 | 18-25 वर्ष के बीच | किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य उत्तीर्ण. | ट्रेड की ड्यूटी में निपुण और एक वर्ष का अनुभव. |
| 8. | मशालची | 01 | 01 | - | - | - | - | लेवल-1 | 18-25 वर्ष के बीच | किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य उत्तीर्ण. | मशालची की ड्यूटी में निपुण. |

1. **टिप्पणी : प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर : अना-** अनारक्षित, **अजा-** अनुसूचित जाति, **अजजा-** अनुसूचित जनजाति, **अपिव-** अन्य पिछड़ा वर्ग, **भू.पू.सै.-** भूतपूर्व सैनिक.

2. **परीक्षा के स्थान :** राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, धौलपुर (राजस्थान)-328028.

3. उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के माध्यम से रखा जाएगा. चयन विद्यमान सरकारी नियमों एवं शर्तों के अनुसार किये जाएंगे. चयन पूर्णतः मेधा के आधार पर किये जाएंगे.

4. लिखित परीक्षा **17 अक्तूबर, 2021** को आयोजित की जाएगी. सभी श्रेणियों के सफल उम्मीदवारों की ट्रेड परीक्षा स्कूल की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी.

5. **उम्मीदवारों/आवेदकों हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :-**

| क्र.सं. | महत्वपूर्ण निर्देश |
|---|---|
| (क) | **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन होगी.** |
| (ख) | राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, धौलपुर डाक में हुई किसी देरी या अप्राप्ति के लिए उत्तरदायी नहीं होगा. |
| (ग) | केंद्र/ राज्य सरकारों/साक्षेउ में सेवारत उम्मीदवारों को अपने स्थापना से प्राप्त प्रमाण-पत्र के साथ उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए कि उनके विरुद्ध कोई भी अनुशासनात्मक कारवाई विचाराधीन/लंबित नहीं है और यह कि चयन होने पर उन्हें कार्यमुक्त करने में कोई आपत्ति नहीं होगी. |
| (घ) | 01 जन. 2004 को या उसके बाद सरकारी सेवा में आनेवाले नये उम्मीदवारों को नई परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना (नई पेंशन योजना के रूप में जानी गयी) द्वारा शासित किया जाएगा. |
| (च) | प्रधानाचार्य आवश्यक होने पर रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं. |
| (छ) | विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक होने पर सभी उम्मीदवारों की परीक्षा आयोजित करना सुविधाजनक या संभव नहीं होगा. प्रधानाचार्य न्यूनतम निर्धारित अनिवार्य अर्हताओं या वांछनीय अर्हताओं या विज्ञापन में न्यूनतम निर्धारित से उच्चतर अर्हता में प्राप्त अंकों की प्रतिशतता या अनुभव के आधार पर उम्मीदवारों की संख्या उचित सीमा तक कम करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं. |
| (ज) | उम्मीदवारों को लिफाफे के शीर्ष पर "---------------------- **पद हेतु आवेदन और श्रेणी**" स्पष्ट अक्षरों में लिखना चाहिए. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार को लिफाफे के बाएँ कोने पर अपनी श्रेणी भी लिखनी चाहिए. |
| (झ) | अपिव श्रेणी के अंतर्गत पद हेतु आवेदन करने वाले अपिव उम्मीदवारों को परिशिष्ट-II के अनुसार प्रमाण-पत्र देना चाहिए. |
| (ट) | भू.पू.सै. श्रेणी के अंतर्गत पद हेतु आवेदन करने वाले भू.पू.सै. उम्मीदवारों को परिशिष्ट-III के अनुसार प्रमाण-पत्र देना चाहिए. |
| (ठ) | अपूर्ण या अहस्ताक्षरित और बाएं/दाएं अंगूठे के निशान के बिना या प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रतियों के साथ नहीं होने वाले या विधिवत स्वसत्यापित अतिरिक्त फोटो के बिना आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, धौलपुर में प्राप्त आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे और इस संदर्भ में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा. |
| (ड) | आवेदन उम्मीदवारों द्वारा अंग्रेजी/हिंदी में भरे जा सकते हैं. |
| (ढ) | अंतिम चयन होने पर उम्मीदवार अखिल भारतीय सेवा दायित्व के अधीन होंगे. |
| (ण) | किसी भी पद के लिए भोजन या आवास/यात्रा के खर्चे नहीं दिए जाएंगे. उम्मीदवारों को अपनी व्यवस्था स्वयं करनी होगी. |
| (त) | आवेदन केवल रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किये जाएंगे. **आवेदन "प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, धौलपुर (राजस्थान)-328028" के पते पर भेजना चाहिए.** |
| (थ) | पासपोर्ट आकार के हाल के तीन स्वसत्यापित फोटो (तीन माह से अधिक पुराना नहीं) सहित रु. 30/- के डाक टिकट चिपके स्वपता लिखित 12×18 सेमी आकार का एक लिफाफा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न होना चाहिए. |
| (द) | परीक्षा के दौरान गलत माध्यमों का उपयोग करने पर कदाचार के रूप में विचार किया जाएगा और उम्मीदवार को अयोग्य माना जाएगा. |

6. आवेदन-पत्र के साथ निम्नांकित **प्रलेखों** की सत्यापित प्रतियां संलग्न करनी चाहिएं :
   **(क)** शैक्षिक प्रमाण-पत्र.
   **(ख) अपिव**/अजा/अजजा हेतु **जाति प्रमाण**-पत्र अनिवार्य है.

7. **शुल्क.** आवेदन-पत्र के साथ प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, धौलपुर (राजस्थान)-328028 के पक्ष में रु. 50/- **(पचास रुपए मात्र)** के रेखांकित भारतीय पोस्टल ऑर्डर (भा.पो.ऑ.) संलग्न होने चाहिए. अजा/अजजा/अपिव/ **शावि और भू.पू.सै.** उम्मीदवार आवेदन-शुल्क से मुक्त होंगे. पोस्टल ऑर्डर विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि को या उसके बाद जारी किया होना चाहिए. आवेदन-शुल्क वापस नहीं किये जाएंगे.

8. **निरस्तीकरण :** आवेदन के सभी कॉलम भरे जाएंगे और एक भी कॉलम रिक्त नहीं होंगे. आवेदन के क्रम संख्या 10 पत्राचार का पता, पिन संख्या, मोबाइल संख्या और ई-मेल आईडी के साथ स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिए. अपूर्ण या अहस्ताक्षरित और बाएं/दाएं अंगूठे के निशान के बिना या प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रतियों के साथ नहीं होने वाले या विधिवत स्वसत्यापित दो अतिरिक्त फोटो के बिना आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, धौलपुर (राजस्थान)-328028 में प्राप्त आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे और इस संदर्भ में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किये जाएंगे. विज्ञापन संख्या और तिथि (केवल रोज़गार समाचार में प्रकाशित) लिखे बिना आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे.

9. आयु सीमा निर्धारण **की निर्णायक तिथि** उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि प्रकाशन की तिथि से **60 दिन** होगी और असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिज़ोरम, नगालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर राज्य के लद्दाख सब-डिविजन, हिमाचल प्रदेश के पांगी सब-डिविजन के लाहौल एवं स्पीति जिले, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह तथा लक्षद्वीप के उम्मीदवारों हेतु रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **67 दिन** होगी.

10. प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, **धौलपुर (राजस्थान)**-328028 लिखित/शारीरिक/ट्रेड परीक्षा के दौरान हुई किसी क्षति के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे.

11. **सभी आवेदकों हेतु चेतावनी :** कुछ संदिग्ध व्यक्ति आपको गैर-क़ानूनी लालच देते हुए राष्ट्रीय सैनिक स्कूल, धौलपुर (राज.)-328028 में आपको नियुक्ति दिलाने के आश्वासन के साथ संपर्क कर सकते हैं. आपको ऐसे किसी असत्य आश्वासन या शोषण के झांसे में नहीं आना चाहिए और किसी भी रूप में ऐसे व्यक्ति पर विचार करना या प्रोत्साहन देना नहीं चाहिए. इस पर बल दिया और पुनः आश्वस्त किया जाता है कि चयन की परीक्षा और प्रक्रिया केवल पारदर्शी तरीके से मेधा आधार पर की जाएगी.

12. **बहुकार्य स्टाफ (चपरासी, प्रहरी, सफाईवाला) और मशालची के पदों हेतु परीक्षा की योजना :** चयन पूर्णतया मेधा के आधार पर किये जाएंगे. चयन प्रक्रिया में आवश्यकतानुसार लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा होगी. अंतिम मेधा लागू अनुसार लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर निर्धारित की जाएगी. उम्मीदवारों की संख्या रिक्तियों की संख्या से 10 गुणा तक कम की जा सकती है. लिखित, प्रायोगिक/शारीरिक/कौशल परीक्षाओं में अलग-अलग अंक 80:20 के अनुपात में दिए जाएंगे. प्रायोगिक/शारीरिक/कौशल परीक्षाएं रा.सै.स्कू., धौलपुर (राज.) द्वारा अंतिम चरण में संचालित की जाएंगी.

| प्रपत्र | विषय | प्रश्नों की सं. | अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| प्रपत्र-I | सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति (वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) | 25 | 25 | 2 घंटे |
| प्रपत्र-II | सामान्य जागरूकता (वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) | 50 | 50 | |
| प्रपत्र-III | सामान्य अंग्रेजी (वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) | 50 | 50 | |
| प्रपत्र-IV | संख्यात्मक अभिरुचि (वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न) | 25 | 25 | |

**टिप्पणी : लाइब्रेरियन, छात्रावास अधीक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक (विज्ञान) की चयन प्रक्रिया अलग-अलग आयोजित की जाएगी.**

13. लिखित परीक्षा के प्रश्न-पत्रक दो भाषाओं अंग्रेजी और हिंदी में होंगे. फिर भी, अंग्रेजी भाषा के प्रश्न केवल अंग्रेजी में होंगे.

(शेष पृष्ठ 7 पर)

MIDHANI

# मिश्र धातु निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम) (लघु रत्न-I कंपनी)

पंजीकृत कार्यालय : पोस्ट कंचनबाग, हैदराबाद-500058

मिधानि आईएसओ 9001-2008 एवं एएस 9100सी से प्रमाणित लघु रत्न - I कंपनी है. यह कंपनी उच्च प्रौद्योगिक से लैस, रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण मिश्र धातुओं तथा विशेष प्रकार के स्टील, विभिन्न कारखानों तथा रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा जैसे सामरिक क्षेत्रों एवं वाणिज्यिक क्षेत्रों के लिए टाइटेनियम मिश्र धातु तैयार करने वाला एक धातुकर्म उद्योग है. कंपनी में 770 कर्मचारी काम करते हैं. निम्नलिखित क्षेत्रों में उत्कृष्ट पेशेवरों की आवश्यकता है :

| क्रम सं. | पद | वेतनमान (रु.) (आईडीए प्रतिमान ) | सीटीसी प्रति वर्ष (लगभग) रु. लाख में | पदों की संख्या | आरक्षण | विज्ञापन की तारीख पर अधिकतम आयु (वर्ष) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अवर प्रबंधक (सिविल) | 30,000-3%-1,20,000 | 6.3 - 25.4 | 1 | अना. -1 | 28 |
| 2. | अवर प्रबंधक (विधि) | 30,000-3%-1,20,000 | 6.3 - 25.4 | 1 | अना. -1 | 28 |
| 3. | सहायक प्रबंधक (हॉट रोलिंग मिल्स) | 40,000-3%-1,40,000 | 8.4 - 29.6 | 3 | अना.-4; ईडब्ल्यूएस -2; अपिव.-3; अजा. -1; अजजा-1; | 30 |
| 4. | सहायक प्रबंधक (स्प्रिंग विनिर्माण संयंत्र) | 40,000-3%-1,40,000 | 8.4 - 29.6 | 1 | | 30 |
| 5. | सहायक प्रबंधक (बार एवं वायर ड्रॉइंग) | 40,000-3%-1,40,000 | 8.4 - 29.6 | 1 | | 30 |
| 6. | सहायक प्रबंधक (मैकेनिकल मेंटेनेंस) | 40,000-3%-1,40,000 | 8.4 - 29.6 | 3 | | 30 |
| 7. | सहायक प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस) | 40,000-3%-1,40,000 | 8.4 - 29.6 | 3 | | 30 |

- सीटीसी (कॉस्ट टू कंपनी) में मूल वेतन, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, अनुलाभ व भत्ते (यथा लागू) शामिल हैं.

- प्रदर्शन संबंधी वेतन (यथा लागू), ईपीएफ, ग्रेच्युटी, अधिवर्षिता लाभ आदि सीटीसी में शामिल नहीं हैं.

**1. अवर प्रबंधक (सिविल) :**

**शैक्षणिक योग्यता और अनुभव :** सिविल इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक में 60% अंकों के साथ शैक्षिक योग्यता के उपरांत निर्माण में न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव. भवनों/औद्योगिक संरचनाओं/मशीन स्थापना/सड़क कार्य के निर्माण तथा मेंटेनेंस का अनुभव होना चाहिए. साइट सर्वेक्षण/आकलन के ज्ञान को वरीयता दी जाएगी. उम्मीदवार को भारत में कहीं भी कार्य करने के लिए तैयार रहना होगा.

**2. अवर प्रबंधक (विधि) :**

**शैक्षणिक योग्यता और अनुभव :** न्यूनतम 55% अंकों के साथ विधि में स्नातक तथा शैक्षिक योग्यता प्राप्ति के उपरांत याचिका तथा गैर-याचिका मामलों में न्यूनतम 4 वर्षों का अनुभव होना चाहिए. याचिका में न्यायालयिक मामलों के साथ-साथ मध्यस्थता मामलें तथा पैरा-वार टिप्पणियों की तैयारी, हलफनामा, विरोध, बाह्य विधि सलाहकार और मिधानि के विभागों के साथ संपर्क शामिल हैं. गैर-याचिका मामलों में मसौदा/एमओयू, एनडीए, दस्तावेज, करार आदि विभिन्न दस्तावेजों की जांच और भूमि मामलों से संबंधित विषय शामिल हैं.

नैगमिक अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी. अच्छा मौखिक तथा लिखित संप्रेषण वांछनीय है.

**3. सहायक प्रबंधक (हॉट रोलिंग मिल्स)**

**शैक्षणिक योग्यता और अनुभव :** इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी (उत्पादन/मैकेनिकल/मेटालर्जी) की डिग्री में न्यूनतम 60% अंकों के साथ शैक्षिक योग्यता प्राप्ति के उपरांत हॉट रोलिंग मिल्स के उत्पादन/संचालन में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव होना चाहिए. आधुनिक स्टील संयंत्र विशेषतः वाईड प्लेट/शीट रोलिंग में अनुभव को वरीयता दी जाएगी.

**4. सहायक प्रबंधक (स्प्रिंग विनिर्माण संयंत्र)**

**शैक्षणिक योग्यता और अनुभव :** इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी (उत्पादन/मैकेनिकल/मेटालर्जी) की डिग्री में न्यूनतम 60% अंक होने चाहिए. शैक्षिक योग्यता प्राप्ति के उपरांत हॉट प्रोसेसिंग उपकरण जैसे हॉट प्रोसेसिंग अनुभाग में हॉट ड्रॉइंग/हॉट फॉर्मिंग/सीएनसी मशीनों के संचालन में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव होना चाहिए. रेलवे से संबंधित हेवी हॉट कोइल्ड स्प्रिंग विनिर्माण में अनुभव को वरीयता दी जाएगी.

**5. सहायक प्रबंधक (बार एवं वायर ड्रॉइंग)**

**शैक्षणिक योग्यता और अनुभव :** इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी (उत्पादन/मैकेनिकल/मेटालर्जी) की डिग्री में न्यूनतम 60% अंक होने चाहिए. शैक्षिक योग्यता प्राप्ति के उपरांत स्टील उद्योग में उत्पादन में कोल्ड ड्रॉइंग/राउंड्स/वायर्स की हॉट ड्रॉइंग में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव होना चाहिए.

**6. सहायक प्रबंधक (मैकेनिकल मेंटेनेंस)**

**शैक्षणिक योग्यता और अनुभव :** इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी (मैकेनिकल) की डिग्री में न्यूनतम 60% अंक होने चाहिए. शैक्षिक योग्यता प्राप्ति के उपरांत रोलिंग मिल्स और उसके सहायक उपकरण, हॉट प्रोसेसिंग उपकरण जैसे हॉट रोलिंग/हॉट ड्रॉइंग/हॉट फॉर्मिंग/रिहीटिंग फर्नेस के मैकेनिकल मेंटेनेंस में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव होना चाहिए. मेंटेनेंस गतिविधियों में आपातकालीन/खराबी मेंटेनेंस, निवारक मेंटेनेंस और शटडाउन मरम्मत शामिल हैं. वाईड प्लेट मिल मेंटेनेंस में अनुभव को अतिरिक्त लाभ मिलेगा.

**7. सहायक प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस)**

**शैक्षणिक योग्यता और अनुभव :** इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी (इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन) की डिग्री में न्यूनतम 60% अंक होने चाहिए. शैक्षिक योग्यता प्राप्ति के उपरांत रोलिंग मिल्स और उसके सहायक उपकरण, हॉट प्रोसेसिंग उपकरण जैसे हॉट रोलिंग/हॉट ड्रॉइंग/हॉट फॉर्मिंग/रिहीटिंग फर्नेस के इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव होना चाहिए. मेंटेनेंस गतिविधियों में आपात-कालीन/खराबी मेंटेनेंस, निवारक मेंटेनेंस और शटडाउन मरम्मत शामिल हैं. वाईड प्लेट मिल मेंटेनेंस में अनुभव को अतिरिक्त लाभ मिलेगा. वीएफडी/सॉफ्ट स्टार्टर्स/पीएलसी प्रोग्रामिंग/एससीएडीए के जानकार को अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा.

**सामान्य शर्तें :**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करें.
2. उक्त निर्धारित आयु, योग्यता और अनुभव **10.03.2021** को पूर्ण होने चाहिए.
3. उक्त उल्लिखित उच्च आयु सीमा अनारक्षित वर्ग के लिए है. आयु में छूट समय-समय पर जारी भारत सरकार के आदेशानुसार लागू है.
4. प्रबंधन पदों की संख्या को सीमित करने/बढ़ाने और पात्रता मानदंडों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है. प्रबंधन अपने स्वयं के चयन मानदंडों को तैयार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
5. **ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 24.03.2021 होगी.**
6. भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अनिवार्य पात्रता मापदंडों को पूरा न करने की स्थिति में उम्मीदवार आरंभ से ही अयोग्य माना जाएगा. किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा.
7. बिना कोई कारण बताए विज्ञापन अथवा/या चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार मिधानि के पास सुरक्षित रहेगा.
8. चयन के संबंध में मिधानि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा. इसके अलावा किसी या सभी अधिसूचित पद भरने या न भरने का अधिकार मिधानि प्रबंधन के पास सुरक्षित रहेगा. साथ ही, कंपनी के नियमानुसार चयनित उम्मीदवारों के मान्य पैनल से भविष्य की रिक्तियों को भरने का अधिकार भी कंपनी प्रबंधन के पास सुरक्षित रहेगा.
9. चुने गए उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा/प्रवीणता परीक्षा/साक्षात्कार में उपस्थिति अनंतिम है और यह उपस्थिति उन्हें पद के लिए चयन का दावा करने का अधिकार नहीं देती है.
10. परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवारों को आने-जाने के लिए निर्धारित ट्रेन किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी.
11. **सभी अपेक्षित मानदंडों के लिए अंतिम तिथि 10.03.2021 है.**
12. इस विज्ञापन से संबंधित यदि कोई शुद्धिपत्र होगा तो वह केवल हमारी वेबसाइट **www.midhani-india.in** पर ही प्रदर्शित किया जाएगा.
13. किसी भी रूप में पक्ष-प्रार्थना करने या किसी से प्रभावित करवाने से आप अयोग्य घोषित किए जाएंगे.
14. पीएसयू के उम्मीदवारों को क्रम संख्या 3 से 7 के पदों के लिए उससे तत्काल निम्न पद पर कम से कम 2 वर्ष का अनुभव होना चाहिए.
15. इसी तरह, क्रम संख्या 3 से 7 के पदों पर आवेदन करने वाले निजी संगठनों के उम्मीदवारों को विज्ञापन तिथि पर न्यूनतम वार्षिक सीटीसी प्राप्त करना चाहिए, जो कि पीएसयू आवेदकों के लिए तत्काल निम्न पद पर आवश्यक न्यूनतम अनुभव के आधार पर गणना की गई वार्षिक सीटीसी के समतुल्य हो. सीटीसी के घटकों में मूल वेतन, महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, अनुलाभ और भत्ते शामिल हैं. तद्नुसार, उक्त सहायक प्रबंधक पद के लिए आवेदन करने वाले निजी क्षेत्र के संगठन के उम्मीदवारों को कम से कम 6.7 लाख वार्षिक सीटीसी विज्ञापन की तिथि (10.03.2021) पर प्राप्त होना चाहिए.
16. **चयन प्रक्रिया :**
    **क)** क्रम संख्या 1 तथा 2 के पदों के लिए चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा और ट्रेड/प्रवीणता परीक्षा (यथालागू) के माध्यम से पूर्ण होगी.
    **ख)** क्रम संख्या 3 से 7 के पदों के लिए चयन प्रक्रिया अधिमानतः साक्षात्कार के माध्यम से पूर्ण होगी. हालांकि, यदि आवेदकों की संख्या अधिक है, तो लिखित परीक्षा भी आयोजित की जा सकती है.
17. लिखित, व्यावसायिक/प्रवीणता परीक्षा का माध्यम केवल अंग्रेजी होगा.
18. अ.पि.व. के उम्मीदवारों को आरक्षण प्राप्त करने के लिए उनकी 'अ.पि.व. की नवीनतम स्थिति तथा नॉन-क्रीमी लेयर स्थिति' के संबंध में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र जमा करना होगा.
19. क्रम संख्या 3 से 7 के पदों के लिए पात्र योग्यता अंकों के संबंध में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 10% छूट दी जाएगी, किंतु यह छूट न्यूनतम 45% अंकों से कम नहीं होगी.
20. उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र भरते समय विभिन्न पदों के लिए विज्ञापन में उल्लिखित अन्य दस्तावेजों के साथ वांछनीय शैक्षणिक योग्यता प्रतिशत से संबंधित उपयुक्त दस्तावेज (अंक तालिका आदि) अवश्य अपलोड किए जाएं.

**आवेदन कैसे करें :**

1. इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन के लिए मिधानि **URL://www.midhani-india.in >careers> e-recruitment** पर क्लिक करके पात्रता शर्तें एवं निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें.
2. आवेदन केवल ऊपर दी गई मिधानि की वेबसाइट पर लॉग ऑन करके **'ऑनलाइन'** ही जमा करें. आवेदन जमा करने के लिए **वेबसाइट 10.03.2021 को सुबह 1000 बजे से 24.03.2021 को 1700 बजे तक** खुली रहेगी.
3. उम्मीदवार आवेदन में एक मान्य ई-मेल आईडी तथा मोबाइल संपर्क नंबर का उल्लेख करें ताकि परीक्षा/साक्षात्कार के लिए जानकारी भेजी जा सके. उम्मीदवारों को भेजे गए ई-मेल उन तक नहीं पहुंचने के लिए मिधानि उत्तरदायी नहीं होगा.
4. आवेदन शुल्क के रूप में उम्मीदवारों को डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से उपलब्ध भुगतान लिंक का प्रयोग करते हुए रु. 100/- (सौ रुपए मात्र) का ऑनलाइन भुगतान करना होगा. अ.जा./अ.ज.जा./पी.डब्ल्यू.डी./ईएसएम श्रेणी के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान की आवश्यकता नहीं है.
5. जन्म तिथि (एसएससी प्रमाण-पत्र), शैक्षणिक योग्यता, प्रतिशत प्रमाण, श्रेणी, अनुभव, वेतनमान (दो वर्षों का) तथा प्रति वर्ष सीटीसी के साक्ष्य के रूप में संबंधित दस्तावेज आवेदन पत्र में उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपलोड करने होंगे. अनुभव प्रमाण पत्र में सेवा, कार्य अनुभव और समय अवधि का विवरण होना चाहिए. बिना सहायक दस्तावेजों तथा अपेक्षित पात्रता मानदंडों को स्पष्टतः सिद्ध न करने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.
6. सफलतापूर्वक आवेदन जमा करने के बाद उम्मीदवार इसका प्रिंट आउट ले सकते हैं और भविष्य में संदर्भ के लिए रख सकते हैं. **''उम्मीदवारों को आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं है''**. सरकारी/अर्ध-सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों को परीक्षा/साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा. अनापत्ति प्रमाण-पत्र के बिना उम्मीदवारों को परीक्षा/साक्षात्कार की अनुमति नहीं दी जाएगी.

**महाप्रबंधक (मानव संसाधन)**

(पृष्ठ 6 का शेष)

**चपरासी, प्रहरी, सफाईवाला, मशालची के पदों हेतु परीक्षा की पाठ्य-सूची :**

**14. सामान्य बुद्धिमत्ता :** प्रश्न 10वीं कक्षा मानदंड के होंगे और इसमें गैर-मौखिक प्रकार के प्रश्न होंगे. परीक्षा में सादृश्यता, समानता और विभिन्नता, स्थान दृश्यता, समस्या समाधान, विश्लेषण, निर्णय, निर्णय निर्माणी दृश्य स्मृति, अंतर करने, पर्यवेक्षण, संबंध विचार, अंक वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, गैर-मौखिक श्रृंखला पर आधारित प्रश्न होंगे. परीक्षा में उम्मीदवारों के सारगर्भित विचारों और संकेतों तथा उनके संबंध, अंकगणितीय संगणना और अन्य विश्लेष्णात्मक कार्य करने की योग्यता की जांच करने के लिए निर्मित प्रश्न भी होंगे.

**15. सामान्य जागरूकता :** सभी प्रश्न 10वीं कक्षा मानदंड के होंगे. सभी प्रश्नों को उम्मीदवारों के आस-पास के पर्यावरण की सामान्य जागरूकता और समाज में इसके अनुप्रयोग की योग्यता की जांच करने के लिए तैयार किये जाएंगे. प्रश्नों को नवीनतम घटनाचक्र और प्रतिदिन के पर्यवेक्षणों की जानकारी की जांच करने के लिए भी तैयार किये जाएंगे. परीक्षा में भारत और इसके पड़ोसी देशों विशेषकर खेल-कूदों, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, अर्थशास्त्र, भारतीय संविधान सहित सामान्य राजव्यवस्था और वैज्ञानिक अनुसंधान आदि से संबंधित प्रश्न भी होंगे. सभी प्रश्न ऐसे होंगे कि उन्हें किसी भी विषय के विशेष अध्ययन की जरूरत नहीं होगी.

**16. संख्यात्मक अभिरुचि :** इस प्रपत्र में संख्या प्रणाली, पूर्ण संख्याओं की गणना, दशमलव और भिन्न तथा संख्याओं, मूलभूत अंकगणितीय कार्यों के बीच संबंध, प्रतिशतता, अनुपतौर समानुपात, औसत, ब्याज, लाभ और हानि, छूट, टेबल और ग्राफ के उपयोग, ज्यामिति, समय और दूरी, अनुपात और समय, समय और कार्य आदि से संबंधित कठिनाइयों पर आधारित प्रश्न होंगे.

**17. अंग्रेजी भाषा :** सभी प्रश्न 10वीं कक्षा मानदंड के होंगे. उम्मीदवारों के अंग्रेजी भाषा, इसकी शब्दावली, व्याकरण, वाक्य-संरचना, समानार्थक शब्द, विपरीतार्थक शब्द और इसके सही उपयोग आदि की मूलभूत समझ, उनके लेखन की योग्यता की जांच की जाएगी.

**18.** लाइब्रेरियन, छात्रावास अधीक्षक और प्रयोगशाला सहायक के पदों हेतु लिखित परीक्षा पैरा 12 में दिए गये पैटर्न के अनुसार संचालित किये जाएगी. फिर भी, उपरोक्त पदों की कठिनाई के लेवल नीचे दिए गये हैं:

| क्रम सं. | पद | कठिनाई के लेवल |
|---|---|---|
| (क) | छात्रावास अधीक्षक | स्नातक स्तर |
| (ख) | लाइब्रेरियन | उच्चतर माध्यमिक/ इंटरमीडिएट स्तर |
| (ग) | प्रयोगशाला सहायक | मैट्रिक स्तर |

**19. आयु सीमा में छूट :**

(क) अधिकतम आयु सीमा सरकारी सेवकों और भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के लिए विद्यमान सरकारी नियमों के अनुसार शिथिलनीय होगी.
(ख) अजा/अजजा उम्मीदवारों हेतु 5 वर्ष.
(ग) अपिव उम्मीदवारों हेतु 3 वर्ष (गैर-क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर).
(घ) शावि उम्मीदवारों हेतु 10 वर्ष.

**टिप्पणी :**अनारक्षित पद के संदर्भ में आवेदन करने वाले अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवारों को अजा/अजजा/अपिव हेतु लागू आयु में और अन्य छूट नहीं दिए जाएगी.

**20.** सभी उम्मीदवारों द्वारा सरकारी आदेशों के अनुसार कोविड-19 से संबंधित सभी सावधानीपूर्ण मापदंड का पालन करना चाहिए. उम्मीदवारों को मास्क और हैंड सैनिटाईजर रखना चाहिए.

**स्थान : धौलपुर** **(प्रधानाचार्य)**
**दिनांक : 18 फरवरी, 2021**

नोट :- इस विज्ञापन से सम्बन्धित परिशिष्ट व आवेदन प्रारूप के लिए कृपया रोजगार समाचार नई दिल्ली दिनांक 13-19 मार्च, 2021 का अवलोकन करें।

# रोजगार के अवसर

(संक्षिप्त जानकारी)

### यूपीपीएससी
पद - रिव्यू ऑफिसर व असिस्टेंट रिव्यू ऑफिसर
पद संख्या - कुल 337 पद
अंतिम तिथि - 1 अप्रैल, 2021
https://uppsc.up.nic.in/

### दिल्ली सबॉर्डिनेट सर्विस सलेक्शन बोर्ड
पद - टेक्निकल असिस्टेंट व अन्य
पद संख्या - कुल 1809 पद
अंतिम तिथि - 14 अप्रैल, 2021
https://dsssb.delhi.gov.in/

### संघ लोक सेवा आयोग
पद - आईएएस/आईएफएस
पद संख्या - कुल 822 पद
अंतिम तिथि - 24 मार्च, 2021
https://upsc.gov.in/

### बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन
पद - चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट ऑफिसर
पद संख्या - कुल 55 पद
अंतिम तिथि - 1 अप्रैल, 2021
http://bpsc.bih.nic.in/

### तमिलनाडु पब्लिक सर्विस कमीशन
पद - जूनियर ड्रॉउटिंग ऑफिसर व अन्य
पद संख्या - कुल 537 पद
अंतिम तिथि - 4 अप्रैल, 2021
https://tnpsc.gov.in/English/Notification.aspx

### झारखंड लोक सेवा आयोग
पद - असिस्टेंट डायरेक्टर व अन्य
पद संख्या - कुल 49 पद
अंतिम तिथि - 26 मार्च, 2021
http://www.jpsc.gov.in/

### एनएमडीसी
पद - जूनियर ऑफिसर ट्रेनी
पद संख्या - कुल 63 पद
अंतिम तिथि - 23 अप्रैल, 2021
https://www.nmdc.co.in/careers/

### आईएमआरसीएल
पद - असिस्टेंट मैनेजर व अन्य
पद संख्या - कुल 295 पद
अंतिम तिथि - 2 अप्रैल, 2021
https://lmrcl.com/

## * * * ज्ञान- विज्ञान आधारित प्रशोनत्तरी * * *

1. हाल ही में राजस्थान के किस जिले में ''स्टीलग्रेड लाइमस्टोन'' के विपुल भंडार मिले हैं ?
(अ) जैसलमेर (ब) जोधपुर
(स) उदयपुर (द) जयपुर

2. राजस्थान में महिलाओं के सम्मान के लिए किस राजस्थानी फिल्म की घोषणा हुई है ?
(अ) छपाक (ब) घुंघट (स) मौसर (द) टर्टल

3. हाल ही में ''25वीं नेशनल रोड साइकलिंग चैम्पियनशिप'' में राजस्थान ने कुल कितने स्वर्ण पदक जीते हैं ?
(अ) सात (ब) एक
(स) पांच (द) इनमे से कोई नहीं

4. राजस्थान में ''अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क'' कहाँ स्थापित किया जाएगा ?
(अ) कोटा (ब) उदयपुर
(स) जयपुर (द) पाली

5. राजस्थान रोलबॉल टीम का कप्तान किसे बनाया गया है ?
(अ) हिमांशु लांबा (ब) नेहा खंडेलवाल
(स) दोनों (द) इनमे से कोई नहीं

6. 30वां बिहारी पुरस्कार राजस्थान के किस प्रसिद्ध लेखक को दिया जाएगा ?
(अ) मोहन कृष्ण वोहरा (ब) आईदान सिंह भाटी
(स) मनीषा कुलश्रेष्ठ (द) उपर्युक्त सभी

7. विज्ञान और जैन दर्शन पर दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 19 से 22 मार्च को कहाँ आयोजित किया जाएगा ?
(अ) जैसलमेर (ब) जोधपुर
(स) उदयपुर (द) जयपुर

8. भारत की दूसरी राजस्थान की प्रथम डिजिटल यूनिवर्सिटी किस शहर में स्थापित की जाएगी ?
(अ) जयपुर (ब) जोधपुर
(स) उदयपुर (द) कोटा

9. राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने योग गुरु ढाकाराम की पुस्तक का विमोचन किया । यह किस पर आधारित है ?
(अ) खेल (ब) योग
(स) स्वास्थ्य (द) समाज सेवा

10. राजस्थान में सबसे ऊंची प्रतिमा ''स्टेचू ऑफ बिलीफ'' कहाँ स्थापित की गई है ?
(अ) उदयपुर (ब) कोटा
(स) दौसा (द) इनमे से कोई नहीं

11. हाल ही में कौनसा देश संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में फिर से शामिल होगा ?
(अ) जापान (ब) उत्तर कोरिया
(स) अमेरिका (द) जर्मनी

12. हाल ही में विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2021 का उद्घाटन किसने किया है ?
(अ) पीयूष गोयल (ब) नरेंद्र मोदी
(स) राजनाथ सिंह (द) कोई नहीं

13. हाल ही किस राज्य सरकार ने ''सुपर-75 छात्रवृति योजना'' की शुरुआत की है ?
(अ) पंजाब (ब) जम्मू-कश्मीर
(स) उत्तर प्रदेश (द) राजस्थान

14. हाल ही में किसे उत्तराखंड का नया मुख्यमंत्री बनाया गया है ?
(अ) तीरथ सिंह रावत (ब) धन सिंह रावत
(स) रमेश पोखरियाल (द) कोई नहीं

15. हाल ही में किस राज्य सरकार ने तीन राष्ट्रीय उद्यानों में रात्रि सफारी की शुरुआत की है ?
(अ) पंजाब (ब) उत्तर प्रदेश
(स) मध्य प्रदेश (द) केरल

**- उत्तरमाला -**

1(अ) 2(ब) 3(स) 4(अ) 5(स) 6(अ) 7(द) 8(ब)
9(ब) 10(ब) 11(स) 12(ब) 13(ब) 14(अ) 15(स)

## बेरोजगारी भत्ते से मिली जीवन को नई दिशा



प्रार्थी का नाम - श्री लोकेश कुमार गुप्ता

**सक्सेस स्टोरी**

मेरा नाम लोकेश कुमार गुप्ता है। कोरोना महामारी के कारण मेरी नौकरी छूट गयी। तभी से लॉकडाउन के खुल जाने के बाद से नौकरी की तलाश में था। एक दिन SMS से पता चला की मोडेल कैरियर सेन्टर अलवर, हीरो मोटर कॉर्प लिमिटेड के लिए ऑनलाइन रोजगार मेले का आयोजन किया । मैंने फोन के द्वारा यंग प्रॉफेश्नल तारा अमित से अधिक जानकारी प्राप्त की । मेरा इंटरव्यू फोन से हीरो मोटर कॉर्प लिमिटेड के एचआर ने लिया और उन्होंने मुझे ट्रेनी टेक्निसियन के लिए चयनित किया है। मैं जिला रोजगार कार्यालय व नेशनल कैरियर सर्विस तथा हीरो मोटर कॉर्प लिमिटेड का आभार व्यक्त करता हूँ। जिसकी वजह से मुझे आज यह अवसर प्राप्त हुआ है । अब मैं और मेरा परिवार खुश है।


## घोषणा

फार्म-4 (नियम 8 देखिये)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थान | - | जयपुर |
| 2. | प्रकाशन अवधि | - | पाक्षिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | - | हरी राम बडगूजर |
| | क्या भारत का नागरिक है | - | हां |
| | यदि विदेशी है तो मूल देश | - | नहीं |
| | पता | - | कार्यालय राजस्थान रोजगार संदेश दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग जयपुर (राज.) |
| 4. | प्रकाशक का नाम | - | हरी राम बडगूजर |
| | क्या भारत का नागरिक है | - | हां |
| | यदि विदेशी है तो मूल देश | - | नहीं |
| | पता | - | कार्यालय राजस्थान रोजगार संदेश दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग जयपुर (राज.) |
| 5. | सम्पादक का नाम | - | हरी राम बडगूजर |
| | क्या भारत का नागरिक है | - | हां |
| | यदि विदेशी है तो मूल देश | - | नहीं |
| | पता | - | कार्यालय राजस्थान रोजगार संदेश दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग जयपुर (राज.) |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार व हिस्सेदार हैं। | - | समस्त स्वामित्व राजस्थान सरकार रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान, जयपुर |

मैं **हरी राम बडगूजर** सहायक निदेशक (प्रकाशन) घोषणा करती हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

हरी राम बडगूजर
(प्रकाशक)


## वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। - संपादक

## सूचना


राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी है। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। - सम्पादक



## राजस्थान रोजगार संदेश

मुख्य सम्पादक
**महेश शर्मा**
निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय
राजस्थान, जयपुर

मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
**हरी राम बडगूजर**
सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398
ई-मेल: adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in